चैत्र शुक्ल पक्ष-11, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 181 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
24 दिसंबर 2024
मंगलवार

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो

आज का मौसम
27 अधिकतम
10 न्यूनतम



Page-7

## बैकफुट पर आई सरकार मनु को मिलेगा पुरस्कार

**नईदिल्ली, एजेंसी**

भारतीय शूटर व पेरिस ओलंपिक में दो-दो पदक जीतने वाली मनुभाकर के मामले में विवाद के बाद अब खेल मंत्रालय बैकफुट पर नजर आ रहा है। अब उन्हें यह पुरस्कार देने की तैयारी है। खबरें हैं कि खेल मंत्रालय एग्जीक्यूटिव पावर (विशेषाधिकार) से मनु को खेल रत्न देने की तैयारी की है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अभी नाम तय नहीं हुए हैं और एक हफ्ते में पुरस्कारों का खुलासा हो सकता है। खेल मंत्री एक या दो दिन में इस पर फैसला लेंगे। फाइनल लिस्ट में मनु का नाम होने की पूरी संभावना है। दरअसल देश के सबसे बड़े खेल पुरस्कार मेजर ध्यानचंद खेल रत्न के लिए कथित तौर पर नामित नहीं होने वालीं शीर्ष पिस्टल निशानेबाज ने जब यह कहा कि उन्होंने पुरस्कार का अंतिम फैसला देश के लोगों पर छोड़ दिया है, तो हलचल बढी। दरअसल यह विवाद तब शुरू हुआ जब राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों पर फैसला करने वाली समिति ने मनु के नाम की सिफारिश नहीं की और इसके बजाय भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह का नाम खेल रत्न पुरस्कार के लिए आगे बढ़ाया। इस मामले पर मनु के पिता रामकिशन ने कहा है कि मनु जानती हैं कि वह पुरस्कार की हकदार हैं, लेकिन इसका फैसला उन्होंने देश पर छोड़ दिया है। उधर खेल मंत्रालय ने पहले कहा है कि मनु ने खेल रत्न के लिए आवेदन नहीं किया था। जबकि मनु के पिता राम किशन ने कहा है कि वह पिछले चार साल से पद्म श्री जैसे विभिन्न पुरस्कारों के लिए आवेदन कर रही हैं। तो वह इस साल आवेदन क्यों नहीं करेंगी? इसके बाद से ही नेशनल स्पोर्ट्स अवॉर्ड की नॉमिनेशन लिस्ट विवादों आ गई है। मनु के पिता ने यह भी कहा था कि देश के लिए खेलने और पदक जीतने का क्या फायदा, जब सम्मान के लिए हाथ फैलाने पड़े। वे पिछले दो तीन साल से लगातार सारे पुरस्कारों के लिए आवेदन कर रही है और मैं इसका गवाह हूं। इसमें खेल रत्न, पद्मश्री और पद्म भूषण सम्मान शामिल है।



### दिल्ली तक पहुंचती रही भ्रष्टाचार की कहानियां, अब कॉल डिटेल से जोड़ रहे कड़ियां

# मंत्री-आला अफसरों की अनदेखी से दलालों ने हर माह कूटे 500 करोड़!

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

आरटीओ बैरियर पर हर महीने होने वाली करीब 500 करोड़ की लूट की जानकारी क्या विभाग के मंत्री और आला अफसरों को थी? क्या पूरे तंत्र ने इसे अनदेखा किया? यह सवाल भोपाल में छापेमारी के बाद प्रशासनिक व राजनीतिक गलियारों में सुर्ख हो रहा है। सीएम यादव के तेवर के बाद इस मामले में जांच और तेज होने के संकेत मिल रहे हैं। बताया जाता है कि इस तरह की लूट का मामला केंद्र के कई बड़े अधिकारी, मंत्री और नेताओं के पास पहुंचा था। वहां से मप्र को आगाह भी किया गया। लेकिन इस पर गंभीरता नहीं बरती गई। जिसकी वजह से परिवहन विभाग में सौरभ शर्मा जैसे कई दलाल पनपे और वर्षों तक लूट जारी रही। बताया जा रहा है कि इस तरह के शिकायती पत्र इंदौर ट्रक ऑपरेटर एंड ट्रांसपोर्टर एसोसिएशन के कई पदाधिकारियों ने लिखे थे तथा केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने परिवहन विभाग के आरटीओ बैरियर पर होने वाली लूट को लेकर चेताया भी था। एक कार्यक्रम में तो गडकरी ने परिवहन विभाग के कुछ अधिकारियों की तुलना चंबल के डाकुओं से कर दी थी। बताते हैं कि गडकरी व उनके मंत्रालय ने ट्रक ऑपरेटरों की शिकायतों के आधार पर तत्कालीन आयुक्त परिवहन, तत्कालीन पीएस परिवहन समेत अन्य को 4 पत्र लिखे थे। तब कार्रवाई तत्कालीन सरकार और उस समय तमाम अफसरों व मुख्य सचिव को करनी थी। लेकिन क्या हुआ यह सामने नहीं आ सका। पूर्व परिवहन निरीक्षक सौरभ शर्मा के गिरफ्त में आने के बाद इंदौर ट्रक ऑपरेटर एंड ट्रांसपोर्टर एसोसिएशन के अध्यक्ष सीएल मुकाती कहा कि सौरभ शर्मा छोटी कड़ी है। कई नेता, अफसर इस कांड में मिले हुए हैं। यह मप्र का बड़ा आर्थिक अपराध है, जिसकी जांच सीबीआई से कराई जानी चाहिए। सबकी डिटेल जुटाई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि उनके पास पूरा ब्यौरा है कि उन्होंने कब किसे पत्र लिखा था। आज भी वे पत्र वह पेश करने के लिए तैयार है। उन्होंने एक मंत्री का नाम लेते हुए कहा कि तब मंत्री ने केंद्रीय नेताओं के मप्र सरकार को लिखे पत्रों को झूठा करार दे दिया था।



### बयान के लिए चक्कर लगवाए

इंदौर ट्रक ऑपरेटर एंड ट्रांसपोर्टर एसोसिएशन के अध्यक्ष सीएल मुकाती का कहना है कि 2019 में सेंधवा आरटीओ बैरियर पर रिश्वतखोरी की बड़ी शिकायतें सामने आई तो एसोसिएशन के 150 सदस्यों के साथ तत्कालीन निरीक्षक दशरथ सिंह व अन्य के खिलाफ इंदौर लोकायुक्त को शिकायत की थी। शिकायती पत्र भोपाल, ग्वालियर के बीच घूमता रहा। लोकायुक्त के तत्कालीन अफसरों ने जांच परिवहन विभाग को सौंपकर पल्ला झाड़ लिया। परिवहन विभाग ने बयान दर्ज करने के नाम पर इंदौर, भोपाल और ग्वालियर बुलवाया और किया कुछ नहीं। एसोसिएशन का दावा है कि पीएम कार्यालय, केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय नितिन गडकरी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा, मुख्यमंत्री, परिवहन मंत्री, मुख्य सचिव मप्र को शिकायतें भेजी थी। पीएमओ और केंद्रीय मंत्री गडकरी के कार्यालय से जब पत्र मप्र पहुंचे तो उन्हें झूठा समझा गया!

### ईडी की एंट्री के बाद 6वां किरदार भी

सौरभ शर्मा और उसके दोस्त चेतन गौर के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने देर रात मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज किया है तो जांच का दायरा आगे बड़ने के साथ उसके सहयोगी और राजदार भी बेनकाब हो रहे हैं। सौरभ का साथ देने वालों में अब तक उसकी मां, पत्नी, साला, दोस्त चेतन गौर और शरद जायसवाल के नाम सामने आ चुके हैं। अब इसमें 6वें किरदार सौरभ के जीजा रोहित तिवारी की एंट्री हो गई है। तिवारी ने भोपाल समेत कई शहरों में जीजा के साथ साझेदारी में कई प्रॉपर्टी खरीदी।

## कोलकाता रेप कांड में नया ट्विस्ट, घटनास्थल कहीं और!

**कोलकाता, एजेंसी।** कुछ महीने पहले आरजी कर मेडिकल कालेज में लेडी डॉक्टर से रेप और मर्डर केस में अब बड़ा ट्विस्ट आया है। फॉरेंसिक रिपोर्ट में यह आशंका व्यक्त की गई है कि लेडी डॉक्टर के साथ किसी और स्थान पर दरिंदगी हुई थी। इसके बाद उसके शव को सेमिनार हॉल में रखा गया। केंद्रीय फोरेंसिक प्रयोगशाला की रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ। रिपोर्ट में कहा गया है कि नौ अगस्त को जिस जगह को क्राइम सीन बताया गया था। वह दुष्कर्म और हत्या का क्राइम सीन नहीं है। इसके बाद रिपोर्ट में यह आशंका व्यक्त की गई है कि क्राइम सीन कोई और है। इस मामले की जांच सीबीआई के पास है। केंद्रीय जांच एजेंसी अभी तक इस मामले में रेप-मर्डर कांड के आरोपी संजय रॉय के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है। ज्ञात हो कि नौ अगस्त को कोलकाता के आरजी कर हॉस्पिटल एंड मेडिकल कॉलेज में प्रशिक्षु लेडी डॉक्टर की लाश मिली थी। बाद में डॉक्टर की रेप के बाद हत्या की पुष्टि की गई थी। इस मामले में सेमिनार हॉल को कोलकाता पुलिस ने मुख्य क्राइम सीन बताया था। इसके बाद पुलिस ने इस मामले में मुख्य आरोपी बताते हुए संजय रॉय को अरेस्ट किया था।

## एक्टर अल्लू अर्जुन को पुलिस ने पूछताछ के लिए तलब किया



**हैदराबाद, एजेंसी।** पुलिस ने संध्या थिएटर भगदड़ मामले में अभिनेता अल्लू अर्जुन को नया नोटिस जारी किया है। चिक्कड़पल्ली पुलिस ने पेशी के लिए अभिनेता की कानूनी टीम को यह नया नोटिस थमाया। हैदराबाद में चार दिसंबर को सिनेमा हॉल में भगदड़ के दौरान 35 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई और उसका आठ वर्षीय बेटा घायल हो गया था। प्रीमियर पर अभिनेता की एक झलक पाने के लिए धक्का-मुक्की कर रहे थे। पुलिस का यह नोटिस अभिनेता के हैदराबाद स्थित आवास पर तोड़फोड़ की पृष्ठभूमि में सामने आया है। उस्मानिया विवि के छात्र होने का दावा करने वाले लोगों का एक समूह अभिनेता के घर के बाहर इकट्ठा हुआ और पीड़ित परिवार को एक करोड़ रुपये का मुआवजा देने की मांग की थी।

## कांग्रेस नेताओं का अंबेडकर सम्मान मार्च

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर पर की गई टिप्पणी के विरोध में कांग्रेस आज मध्यप्रदेश में अंबेडकर सम्मान मार्च निकाल रही है। भोपाल में पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह, पीसीसी चीफ जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, विधायक आरिफ मसूद, आतिफ अकील समेत कई नेता इसमें शामिल हैं। सम्मान मार्च राजधानी के लिली टॉकीज चौराहे से शुरू होकर जिंसी चौराहा तक जाएगा। अन्य जिलों में स्थानीय नेता विधायक इसका नेतृत्व कर रहे हैं। दूसरी तरफ, शाह के विरोध में बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ता भी आज प्रदर्शन कर रहे हैं वे कलेक्टर कार्यालय पर धरना देंगे। इसके बाद राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया जाएगा।



## बर्फबारी से सैंकड़ों वाहन फंसे व फिसले, राजस्थान में स्कूल बंद

**नई दिल्ली, एजेंसी**

देश के तीन राज्यों जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में जबर्दस्त बर्फबारी का दौर चल रहा है। बर्फबारी के चलते हिमाचल में दो नेशनल हाईवे समेत 30 सड़कें बंद हो गई हैं। शिमला में सीजन की दूसरी बर्फबारी हुई, जिससे सड़कों पर 3 इंच बर्फ की परत जम गई। इससे सोलंगनाला से अटल टनल रोहतांग लौट रहे टूरिस्ट की गाड़ियां सड़क पर फिसलने लगीं। तड़के तक करीब एक हजार गाड़ियां अटल टनल के साउथ पोर्टल से नॉर्थ पोर्टल तक बर्फ में फंसीं। पुलिस ने गाड़ियां निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। उत्तराखंड में भी गढ़वाल हिमालय में बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री और हेमकुंड साहिब तथा कुमाऊं में मुनस्यारी में ताजा बर्फबारी हुई, जिससे पूरे राज्य में ठंड बढ़ गई है। इधर राजस्थान, मध्य प्रदेश, पंजाब और हरियाणा में कहीं कहीं बारिश भी हुई। राजस्थान के गंगानगर, अनूपगढ़, चुरू और बीकानेर में 10 मिमी बारिश हुई। राजस्थान में अगले 3 दिन और मप्र में 4 दिन ओले-बारिश का अलर्ट है। इसके चलते राजस्थान सरकार ने 25 दिसंबर से 5 जनवरी तक स्कूलों की छुट्टी घोषित कर दी है।

## दाम पता करने सब्जी मंडी पहुंचे राहुल गांधी



**नई दिल्ली, एजेंसी**

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी आज सब्जियों का दाम जानने के लिए सब्जी मंडी पहुंचे। यहां उन्होंने दुकानदार से लहसुन, टमाटर और शलजम सहित कई सब्जियों के दाम पता किए तो दुकानदार ने कहा कि लहसुन 400 रुपए किलो हैं। सब्जी मंडी विजिट का वीडियो राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर शेयर कर लिखा है कि कभी लहसुन 40 रुपए का था और 400 का हो गया है। बढ़ती महंगाई ने आम आदमी की रसोई का बजट बिगाड़ दिया है सरकार सो रही है। यह दिल्ली के गिरी नगर के सामने हनुमान मंदिर की सब्जी मंडी का वीडियो है। इसमें महिलाएं कहती नजर आ रही हैं कि उन्होंने राहुल गांधी को चाय पर बुलाया है, ताकि, वह आकर देखें कि कितनी महंगाई है। महिलाएं कह रही हैं कि सैलरी तो किसी की नहीं बढ़ी है, लेकिन रेट बढ़ गया है और वो घटने का नाम नहीं ले रहा है।

## पिता के खुदवाए गड्ढे में गिरी मासूम, जान बचाने जुटा प्रशासन

**जयपुर।** राजस्थान के कोटपूतली में तीन साल की बच्ची पिछले 19 घंटे से 700 फीट गहरे बोरवेल में 150 फीट पर अटकी है। उसे निकालने के लिए रात से कई प्रयास जारी हैं। बोरवेल में ऑक्सीजन तो भेजा जा रहा है, मगर वह इतना संकरा है कि खाने पीने के लिए कुछ नहीं भेजा जा सकता। रात को सीसीटीवी में बच्ची के सिर का मूवमेंट नजर आया था, लेकिन गर्दन के नीचे तक मिट्टी में फंसने से शरीर मूव नहीं कर रहा है। अब बच्ची को हुक से खींचने की तैयारी चल रही है। प्रशासन ने चेतना के माता-पिता व दादा से लिखित में सहमति मांगी है। ये करना इसलिए जरूरी है क्योंकि बीतते वक्त के साथ चेतना के बचाव के लिए समय कम पड़ता जा रहा है. बता दें पिता भूपेंद्र ने घर के बाहर बोरवेल खुदवाया था मगर 700 फीट तक खोदने पर भी पानी नहीं मिलने पर उसे खुला छोड़ दिया, कल उनकी दोनों बेटियां बोरवेल के पास खेल रही थीं, इसी बीच चेतना का पैर बोरवेल के पास फिसल गया।

## एनएचआरसी अध्यक्ष व सदस्यों की नियुक्ति के विरोध में राहुल-खरगे ने लिखा डिसेंट नोट

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कांग्रेस ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग अध्यक्ष और सदस्यों के चुनाव पर आपत्ति जताई है तथा डिसेंट नोट जारी कर चुनाव की इस पूरी प्रक्रिया को गलत बताया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज जस्टिस वी रामासुब्रमण्यम को एनएचआरसी का नया अध्यक्ष नियुक्त करने के फैसले पर असहमति जताते हुए कहा कि यह प्रक्रिया पूर्व निर्धारित थी और इन नियुक्तियों से पहले न तो विचार-विमर्श किया गया और न ही सहमति ली गई। बताया जाता है कि विपक्ष के नेता राहुल और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष खड़गे ने एनएचआरसी के अध्यक्ष पद के लिए जस्टिस रोहिंगटन फली नरीमन और जस्टिस के. मैथ्यू जोसेफ के नाम का प्रस्ताव रखा था लेकिन सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज जस्टिस वी. रामासुब्रमण्यम को अध्यक्ष नियुक्त किया गया। कांग्रेस ने डिसेंट नोट में कहा कि एनएचआरसी अध्यक्ष की नियुक्ति करते समय धर्म, क्षेत्र और जाति के संतुलन को ध्यान में नहीं रखा गया। इस तरह की चुनाव प्रक्रिया से सरकार के उदासीन रवैये का पता चलता है। राहुल और खड़गे ने एनएचआरसी के सदस्यों के तौर पर जस्टिस एस.मुरलीधर और जस्टिस कुरैशी के नाम की सिफारिश करते हुए कहा था कि मानवाधिकारों को बनाए रखने के लिए इन दोनों जजों का शानदार रिकॉर्ड है।

### प्रक्रिया को गलत व पूर्व निर्धारित बताया



# अधूरे निर्माण से आम जनता परेशान








भोपाल, दोपहर मेट्रो। पुराने शहर में शाहजहांनाबाद रोड पर अधूरे निर्माण कार्य से आम लोग हो रहे परेशान।

# सिक्सलेन पर चलने के लिए बचेंगी सिर्फ दो लेन!

### कोलार रोड के हाल: पार्किंग स्थल नहीं होने से सड़क किनारे वाहन व जाम

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

राजधानी के उपनगर कोलार को संवारने के लिये बना सिक्स लेन भी रोजमर्रा के ट्रेफिक जाम से ज्यादा मुक्त नहीं है। सड़क चौड़ीकरण के बाद भी यहां 15 किमी लंबी सड़क पर 20 जगह पार्किंग प्लेस की जरूरत है लेकिन, निर्माण सिर्फ तीन का हो रहा है। अभी हालात देखकर ही माना जाने लगा है कि इस सिक्स लेन के बाद भी आवागमन के लिए दो ही लेन बचेंगी। क्योंकि, एक लेन पर दुकानदारों के वाहन, दूसरी लेन पर ठेले वाले ग्राहकों के वाहन खड़े होंगे। इस मामले में ट्रैफिक इंजीनियरिंग नदारद दिखती है। जब तक इसके अनुसार उपाय नहीं होंगे हालात नहीं बदलेंगे। जानकारों का मानना है कि यदि अंतिम लेन में डिवाइडर लगाकर सर्विस लेन बना दी जाए तो शायद राहत मिल सकती है। जहां तक पार्किंग स्थल नहीं बन पाने का मामला है तो इसकी वजह यह है कि, नगर निगम ने पीडब्ल्यूडी से 17 करोड़ रुपए पार्किंग निर्माण के लिए मांगे थे, लेकिन बजट नहीं मिलने की वजह से पार्किंग का निर्माण नहीं हो सका। हालांकि, पीडब्ल्यूडी की ओर से चूनाभट्टी चौराहा, स्वर्ण जयंती पार्क और फाइन एवेन्यू के पास खुद ही पार्किंग बनाई जा रही हैं। दो जगह काम पूरा हो गया है। स्वर्ण जयंती पर काम अंतिम चरण में है। भीड़भाड़



वाले बाजारों में पार्किंग नहीं बनने से लोगों के वाहन सड़क पर ही खड़े होंगे। ऐसी स्थिति में 6 लेन बनने के बाद भी जाम से छुटकारा नहीं मिलेगा। उल्लेखनीय है कि चार महीने पहले पीडब्ल्यूडी और नगर निगम ने यातायात पुलिस के साथ मिलकर इस रोड का सर्वे किया था। तब 20 स्थानों पर छोटी-बड़ी पार्किंग बनाने का निर्णय लिया गया था। तय हुआ था कि पार्किंग का निर्माण नगर निगम कराएगा और बजट पीडब्ल्यूडी की ओर से उपलब्ध कराया जाएगा।अब पीडब्ल्यूडी अफसरों का कहना है कि शासन से ही बजट नहीं मिला। अभी तीन जगह पार्किंग बनाई जा रही है। इनमें से दो पार्किंग बन चुकी हैं, तीसरी का काम भी लगभग पूरा हो गया है।

### हजारों वाहनों का दबाव

उल्लेखनीय है कि कोलार रोड पर पीक ऑवर्स यानि सुबह 10-12 और शाम 5 से 7 बजे) में 3हजार से अधिक कारों का आना-जाना होता है। क्षेत्र में वाहनों का दबाव भी लगातार बढ़ रहा है। आगे इनकी संख्या और बढ़ेगी। कोलार रोड पर अभी एक भी पार्किंग नहीं है, जबकि यहां दुकानदारों और कर्मचारियों के करीब तीन हजार वाहन आते हैं। दिनभर में 6हजार से ज्यादा वाहन ग्राहकों के पहुंचते हैं। सबसे ज्यादा वाहन सर्वधर्म, बीमाकुंज, सीआई स्क्वेयर और ललिता नगर मार्केट क्षेत्र में आते हैं। जबकि, पार्किंग प्लेस ही नहीं बनाई है। ऐसे में यह तय है कि वाहन सड़कों के किनारे ही खड़े होंगे। इससे अन्य बाजारों की तरह यहां भी जाम के हालात बनेंगे और लोगों की परेशानी होना तय है।

# एम्प्री में देश की पहली फाइव स्टॉर नेशनल लैबोरेट्री

### इकोनॉमिक, एनर्जी सेविंग और इनवायरमेंट फ्रेंडली बिल्डिंग

**भोपाल. एजेंसी**

एम्प्री की नई बिल्डिंग को इंटीग्रेटेड हैबिटेट असेसमेंट के लिए ग्रीन रेटिंग में फाइव स्टार प्राप्त हुआ। 11 एकड़ में बनाए गए भवन को बनाने के लिए 7982 लाख रुपए खर्च किया गया। अंग्रेजी के अक्षर डबलू के आकार की बिल्डिंग के भूतल पर विभिन्न प्रयोगशालाएं, विभाग और कमरे, लिफ्ट, रिसेप्शन आदि बनाए गए हैं। पहली मंजिल में वैज्ञानिकों के लिए 75 कमरे, एक निदेशक कक्ष, योजना कक्ष और प्रदर्शन प्रभाग साथ ही प्रदर्शनी हॉल, अनुसंधान विद्वानों के लिए एक आम बैठने की जगह, सेवा कक्ष, सम्मेलन कक्ष और बैठक हॉल मौजूद है। दूसरी मंजिल पर डिजिटल लाइब्रेरी, मीटिंग रूम और स्टाफ रूम के साथ वरिष्ठ अधिकारियों के कार्यालय हैं। इसके अलावा, प्रयोगशाला ब्लॉक में विद्वानों के लिए बैठने की जगह भी है। यह परिसर 15 केएलडी सीवेज उपचार संयंत्र, 102500 लीटर की भूमिगत भंडारण क्षमता वाला एक व्यापक जल आपूर्ति नेटवर्क और एक वर्षा जल संचयन प्रणाली से भी सुसज्जित है। यह एक इको फ्रेंडली, इकोनॉमीक, एनर्जी सेविंग और इनवारमेंट फ्रेंडली बिल्डिंग है। जिसको बनाने के लिए एमप्री के इन हाउस सामग्रियों का इस्तेमाल किया। इससे ग्रिहा से बिल्डिंग को 95 पाइंट प्राप्त हुए हैं। फलोरिंग में बांस का इस्तेमाल किया गया है।

### नए प्रयोगशालाओं की सुविधाओं से लैस

नई इमारत में एचपीएलसी लैब और बॉयोमिमेटिक्स



और बॉयोमटेरियल्स लैब, ग्राफीन सेंटर की 3डी प्रिंटिंग सुविधाएं, सेमी-ऑटोमैटिक हॉट प्रेस और हाइड्रोलिक प्रेस सुविधा, एडवांस्ड रेडिएशन शील्डिंग और जियो-पॉलीमेरिक मैटेरियल्स और गामा रेडिएशन पैनल सेंटर, एक्स-रे शील्डिंग टाइल्स, बांस कम्पोजिट, बांस समग्र संरचना ''बैठक, बायो ग्रीन कम्पोजिट, पराली कम्पोजिट, रमन स्पेक्ट्रोस्कोपी सुविधाएं होंगी।

# जरुरतमंदों की सेवा किसी पुण्य कार्य से कम नहीं: दयारामानी

### साधु वासवानी स्कूल में जेएसएस ने बांटे कंबल

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

जीव सेवा संस्थान का कंबल वितरण सेवा कार्य जारी है। सोमवार को साधु वासवानी स्कूल के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को कंबल दिए गए। संस्थान के सचिव महेश दयारामानी ने कंबल वितरित किए। शिक्षाविद् विष्णु गेहानी ने कहा कि सभी कर्मचारी हमारे अंग हैं, हम सभी मिलकर एक परिवार है। एक परिवार की तरह साधु वासवानी स्कूल संचालन किया जा रहा है। संतजी की प्रेरणा से काम कर रहे जीव सेवा संस्थान हर सर्दियों में जरूरतमंदों तक सेवा कंबल पहुंचाती है। जीव सेवा संस्थान के सचिव महेश दयारामानी ने कहा कि जरुरतमंदों की सेवा करना किसी पुण्य कार्य से कम नहीं हैं और ये कंबल संतों की कृपा एवं उनके आशीर्वाद से बांटे गये हैं, जीव सेवा संस्थान भी संतों की कृपा से ही बनायी गयी




संस्था है। इस अवसर पर प्राचार्या सुतापा जॉयसवाल, दीपा आहूजा, भावना कलवानी, रुपाली मेशराम व शिक्षिकाएं एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# सीवेज, स्ट्रीट लाइट और विकास कार्यों में ठहराव पर नाराजगी

### जोन समिति की बैठक में कई प्रस्ताव पारित

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

संतनगर जोन समिति की बैठक में साफ-सफाई, स्ट्रीट लाइट और रूके हुए विकास कार्यों पर चर्चा हुई, बैठक की अध्यक्षता एमआईसी सदस्य राजेश हिंगोरानी की। बैठक में वन ट्री हिल्स क्षेत्र में सात माह से नाली निर्माण काम रूके होने पर एमआईसी मेंबर और अन्य पार्षदों ने नाराजगी जताई। मामले में ठेकेदार को नोटिस देने पर सहमति बनी। सीवेज ट्रीटमेंट का मुद्दा भी उठा। एमआईसी मेंबर राजेश हिंगोरानी, वार्ड पांच के पार्षद अशोक मारन, वार्ड तीन के पार्षद पति विकास मारन ने कहा कि पूरे क्षेत्र में सीवेज सिस्टम खराब हो गया है, लेकिन अधिकारी लापरवाह बने हुए हैं। पार्षदों ने सीवेज का काम देखने वाले अधिकारी के बैठक में न होने पर नाराजगी जाते हुए उनकी शिकायत वरिष्ठ अधिकारियों से करने की फैसला लिया। विकास मारन ने कहा की वार्ड तीन में बहते पानी की समस्या को उठाया। इस पर तय किया गया कि पानी बहते मिलने पर पहले समझाइश दी जाएगी, उसके बाद कार्रवाई की जाएगी, इसकी शुरूआत वार्ड तीन से होगी। स्ट्रीट



लाइटों की समस्या को लेकर भी बैठक में नाराजगी जताई गई। स्ट्रीट लाइटें ठीक करने के लिए एक नया वाहन जोन निधि लेने का प्रस्ताव भेजा गया।

**मेट्रो एंकर** | संत सिद्धभाऊजी का 72 वां जन्मदिन, संतनगर के स्कूलों में कार्यक्रम

# बच्चों ने केक काटा, ग्रीटिंग बनाए, प्रस्तुतियां दीं

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

स्वामी संत हिरदारामजी के उत्तराधिकारी संत सिद्धभाऊजी का 72वां जन्म दिन संतनगर के विद्यालयों में मनाया गया। बच्चों ने केक काटा, ग्रीटिंग कार्ड बनाए और प्रस्तुतियों के जरिये बधाई दी। विशिष्ठजनों ने बच्चों को सिद्धभाऊजी की सेवा भावना से अवगत कराया। साधु वासवानी स्कूल सिद्ध भाउजी का जन्म दिवस मनाया गया। शिक्षाविद् विष्णु गेहानी ने कहा कि आज हम सिद्ध भाउजी जी का जन्म दिवस मना रहे है उनका जीवन धन्य है उन्हें बच्चों की पढ़ाई की बहुत चिंता है, एक गुरु को सच्ची खुशी तब होती हैं जब उनका शिष्य ऊंचाइयों को छूता हैं। कार्यक्रम में पूज्य सिंधी पंचायत के महासचिव नंद दादलानी, समाजसेवी गुलाब जेठानी, बोरवन क्लब के अध्यक्ष जगदीश आसवानी और संस्कार स्कूल के बसंत चेलानी ने सिद्धभाऊजी के व्यक्तित्व पर विचार रखे। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रस्तुति दी।

**छात्राओं को पुरस्कार:** नवनिध स्कूल में सिद्धभाऊजी का जन्म दिन मनाया गया। विद्यालय की प्राचार्य अमृता मोटवानी ने कहा कि ईश्वर से प्रार्थना है कि हमें हमेशा भाऊजी का आशीर्वाद व मार्गदर्शन मिलता रहे। इस अवसर पर सिंधी संगत दुबई द्वारा आयोजित इंटरनेशनल सिंधी राइम कांपटीशन में भाग लेने वाली छात्राओं को पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया



गया। प्रतियोगिता में छात्रा अनिका टिलवानी ने प्रथम पुरस्कार टैबलेट व प्रियांशी मोतियानी को द्वितीय पुरस्कार स्मार्ट वॉच प्राप्त हुई। 40 अन्य प्रतियोगी छात्राओं को भी पुरस्कृत किया गया।

**भाऊजी के सेवा कार्य बताएं:** मिठी गोबिंदराम पब्लिक स्कूल में सिद्ध भाऊजी का 72वाँ जन्मदिवस मनाया गया। संस्था सचिव घनश्याम बूलचंदानी ने विद्यालय परिवार की ओर से भाऊजी के उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु जीवन की मंगलकामना की। उन्होंने कहा कि किसी भी छात्र का जीवन माता-पिता और गुरु की आज्ञा पालन से परिवर्तित अवश्य होता है। अकादमी डायरेक्टर गोपाल गिरधानी भाऊजी के सेवा कार्यों और समाज कल्याण की भावनाओं से अवगत कराया।

विद्यालय प्राचार्य अजय बहादुर सिंह ने भाऊजी के व्यक्तित्व को रेखांकित किया। सामूहिक शुभकामना गीत एंव बधाई नृत्य की छात्रों ने प्रस्तुति दी।

**जन्मदिन पर प्रस्तुतियां:** विद्यासागर पब्लिक स्कूल , राधीबाई हासोमल ख्यांतानी फाउंडेशन स्कूल एवं अर्जन हाथीरामानी मेमोरियल प्ले स्कूल में सिद्ध भाऊजी का जन्म दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच मनाया गया। बच्चों ने नृत्य प्रस्तुत किए और भाऊजी के लिए सुंदर-सुंदर ग्रीटिंग कार्ड भी बनाए। स्कूल प्रधानाध्यापिका मिष्ठी वासवानी, स्कूल के प्रबंधन निर्देशक भगवान दामानी ने विद्यार्थियों से कहा कि भाऊजी सदा हमारा मार्गदर्शन करते हैं उन्हीं से हमें प्रेरणा मिलती है , हमें भी उनकी दी शिक्षाओं का पालन करते हुए जीवन को सफल बनाना चाहिए।

**भाऊजी को बधाई दी बच्चों ने:** केवलराम चैनराय पब्लिक स्कूल एवं कला लक्ष्मणदास वेंसीमल गनवानी फाउंडेशन स्कूल में सिद्धभाऊजी का जन्म दिन मनाया गया। शिक्षिकाओं ने भाऊजी के प्रेरणादायी विचार रखे। नन्हें-मुन्ने विद्यार्थियों ने भाऊजी को अपनी प्रस्तुतियों से बधाई दी। प्राचार्या सुमन विश्वकर्मा ने कहा कि भाऊजी का आशीर्वाद व मार्गदर्शन विद्यालय परिवार को निरंतर प्राप्त होता रहे, यही सबकी कामना है।

# संतजी की सेवा की राह पर चलने की प्रेरणा देते हैं सिद्धभाऊजी

हिरदाराम नगर. पूज्य सिंधी पंचायत के पदाधिकारियों ने सिद्ध भाउजी के जन्मदिन के अवसर पर सेवा संकल्प धाम पहुंचकर संत जी के समाधि स्थल पर मथा टेका।भाऊजी की अनुपस्थिति में हीरो ज्ञानचंदानी को बधाई प्रेषित की। हीरो भाऊ ने कहा कि संतनगर में जितने भी स्कूल, कालेज, हास्पिटल, आरोग्य केन्द्र व नव युवक परिषद संत जी के आशीर्वाद व सिद्ध भाउ जी के मार्गदर्शन से चलते है। 'बूढे बच्चे और बीमार है परमेश्वर के यार करे भावना से इनकी सेवा तो पाएगे लोक परलोक में सुख अपार' इन्ही शब्दों को लेकर हम सेवा का कार्य कर रहे है। इस अवसर पर पंचायत अध्यक्ष माधू चांदवानी ने कहा कि संत नगर में जो कार्य शासन को करने चाहिए वो कार्य परमहंस संत हिरदाराम जी के परम शिष्य सिद्ध भाउ व हमारे मार्गदर्शक हीरो ज्ञानचंदानी द्वारा होते है। मैं ईश्वर से इनके दीर्घायु की कामना करता हूं। इस अवसर पर कमलेश रायचंदानी, हीरो इसरानी, जयराम नंदवानी, घनश्याम लालवानी ने भी विचार रखे।



# नदी जोड़ समारोह में आने का संकल्प दिलाया मुख्यमंत्री ने

## सागर को दी कई सौगातें

**भोपाल/सागर, दोपहर मेट्रो।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सागर के गौरव दिवस एवं जनकल्याण पर्व पर कहा है कि सागर में कैंसर अस्पताल एवं रानी अवंतीबाई विश्वविद्यालय में विधि संकाय शुरु होगा। 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती पर शुरु होने जा रही केन-बेतवा लिंक परियोजना से बुन्देलखंड की तस्वीर और तकदीर बदलेगी। यादव ने कहा कि सागर का नाम राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन करने वाली विभूतियों को सम्मानित करने पर प्रसन्नता जताई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लाखा बंजारा ने यहाँ झील का निर्माण कर लोगों को पेयजल की समस्या से निजात दिलायी। उनके यह महान कार्य सदा स्मरणीय हैं। यादव ने सागर के गौरव दिवस एवं जनकल्याण पर्व पर नागरिकों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दी। इस अवसर पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री  पुष्कर सिंह धामी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे।



डॉ. यादव ने कहा कि महाराजा छत्रसाल और आल्हा-ऊदल के शौर्य और बलिदान के लिए यह बुंदेलखंड की धरा जानी जाती है। अब बुंदेलखंड क्षेत्र का नया इतिहास लिखा जाएगा जब प्रधानमंत्री  नरेन्द्र मोदी 25 दिसम्बर को छतरपुर जिले के खजुराहो में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. वाजपेयी की नदी जो?ने की परिकल्पना को साकार करने के लिए केन-बेतवा लिंक परियोजना का भूमिपूजन करेंगे। मुख्यमंत्री  ने कार्यक्रम में मौजूद जनसमुदाय को मुट्ठी बांधकर परियोजना के भूमि-पूजन कार्यक्रम में आने का संकल्प दिलाया।

### मेरा यहां से पुराना नाता: पुष्कर

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री  पुष्कर सिंह धामी ने कहा सरकार द्वारा सागर के विकास के लिए कायाकल्प के कई कार्य किए गए हैं ।धामी ने कहा जब मुझे मुख्यमंत्री डॉ. यादव के साथ कार्यक्रम में सम्मिलित होने का निमंत्रण प्राप्त हुआ तो मेरे मन में सागर में बिताए मेरे बचपन के दिन याद आ गए। यहां की अनेक स्मृतियां मेने मन में है, आज वे सारी यादें ताजा हो गई। उन्होंने कहा मैं अपने पैतृक स्थान पर आया हूं। सागर मेरे लिए केवल एक शहर नहीं बल्कि मेरे जीवन का एक अविभाज्य हिस्सा हैं। मेरे पिताजी यहाँ महार रेजीमेंट में पदस्थ थे और उस दौरान उनकी पोस्टिंग सागर में थी।

सीएम बोले–

# टोल पर वसूली बंद कराई, भ्रष्टाचार पर आगे भी कार्रवाई

## प्रदेश में चल रही आयकर, लोकायुक्त व ईडी की कार्रवाई के बीच पहली बार सरकार का बयान

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

भ्रष्टाचार से जुड़े मामलों पर सरकार की ओर से बड़ा बयान आया है। सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आरटीओ टोल बैरियरों पर वसली बंद कराई। भ्रष्टाचार पर आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी। किसी को छोड़ेंगे। असल में मप्र के अलग–अलग शहरों में आयकर, लोकायुक्त व ईडी की कार्रवाई चल रही है। बड़े भ्रष्टाचार सामने आ रहे हैं। अब तक करोड़ों की नगदी, सोना व चांदी बरामद हो चुकी है। ये कार्रवाई पिछ्ले चार दिनों से चल रही थी, लेकिन सरकार की ओर से कोई बयान नहीं आ रहा था। सोमवार सीएम ने खुलकर अपनी बात रखी। सीएम ने एक बयान में कहा कि सरकार गठन होने के बाद से लगातार बड़े निर्णय ले रही, जो कई दृष्टि में कठोर रहे। उन्होंने टोल बैरियरों का जिक्र करते हुए कहा कि इनमें कई तरह की शिकायतें आ रही थी, इन पर वसूली भी होती थी। जिसे हमारी सरकार ने बंद कराया है। जहां भी भी कार्रवाई करने की जरुरत पड़े, सरकार लगातार आगे भी कार्रवाई करेगी। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश व प्रदेश सुशासन के क्षेत्र में कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ रही है। सीएम ने कहा कि सरकार जनकल्याण अभियान व पर्व के जरिए लोगों तक पहुंच रही है। लोगों की समस्याओं का समाधान कर रहे हैं। सरकार करोड़ों रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन कर लोगों को सौगात भी दे रही है।



# 25 से 29 दिसंबर तक अब कांग्रेस निकालेगी 'मैं हूं अंबेडकर' यात्रा

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के डॉ. भीमराव आंबेडकर को लेकर टिप्पणी के विरोध में मध्य प्रदेश युवा कांग्रेस 'मैं भी हूं आंबेडकर' पदयात्रा निकालेगी। यह 25 से 29 दिसंबर तक चलेगी। पांच चरणों में होने वाली इस यात्रा में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, उप नेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे सहित सभी वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। प्रत्येक जिले में यात्रा के समापन पर जनसभा भी होगी। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मितेंद्र सिंह ने बताया कि देश के संविधान की रचना में प्रमुख सहयोग देने वाले डॉ. भीमराव आंबेडकर का अपमान पूरे देश का अपमान है जिसे स्वीकार नहीं किया जाएगा।  इस तरह पार्टी भाजपा के नेताओं को यह संदेश देना चाहती है कि यह देश डॉ. आंबेडकर के लिखे संविधान से चलेगा। समाज के हर वर्ग को भाजपा की संविधान विरोध मानसिकता के बारे में जाग्रत किया जाएगा। इसके लिए तैयार किए गए पर्चे का वितरण पदयात्रा के दौरान घर-घर होगा। प्रत्येक जिले में पदयात्रा के बाद अंत में जनसभा भी होगी। कांग्रेस इस बहाने अपनी खोई जमीन हासिल करने की कोशिश करेगी।

संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मितेंद्र सिंह ने बताया कि देश के संविधान की रचना में प्रमुख सहयोग देने वाले डॉ. भीमराव आंबेडकर का अपमान पूरे देश का अपमान है जिसे स्वीकार नहीं किया जाएगा। इस तरह पार्टी भाजपा के नेताओं को यह संदेश देना चाहती है कि यह देश डॉ. आंबेडकर के



लिखे संविधान से चलेगा। समाज के हर वर्ग को भाजपा की संविधान विरोध मानसिकता के बारे में जाग्रत किया जाएगा। इसके लिए तैयार किए गए पर्चे का वितरण पदयात्रा के दौरान घर-घर होगा। प्रत्येक जिले में पदयात्रा के बाद अंत में जनसभा भी होगी। कांग्रेस इस बहाने अपनी खोई जमीन हासिल करने की कोशिश करेगी। यात्रा 25 दिसंबर- दतिया, मुरैना, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, श्योपुर, देवास, रतलाम, शाजापुर और आगर। 26 दिसंबर- भिंड, मंदसौर, नीमच, उज्जैन, इंदौर, धार, आलीराजपुर, झाबुआ, खरगोन और बड़वानी। 27 दिसंबर- ग्वालियर, खंडवा, बुरहानपुर, भोपाल, सीहोर, रायसेन, राजगढ़, विदिशा, बैतूल और होशंगाबाद। 28 दिसंबर- हरदा, सागर, दमोह, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी, जबलपुर, कटनी और नरसिंहपुर। 29 दिसंबर- छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, डिंडौरी, बालाघाट, रीवा, मऊगंज, सिंगरौली, सीची, सतना, उमरिया, शहडोल एवं अनूपपुर में होगी।

# हमारी समृद्ध संस्कृति ,सभ्यता और परंपराए सदैव ज्ञान का आधार रहीं: अशोक कड़ेल

**भोपाल।** राजधानी के भेल क्षेत्र स्थित बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महविद्यालय मे उच्च शिक्षा विभाग के तत्वाधान में सशक्त कौशल?: भारत के सतत विकास का आधार विषय पर राष्टीय सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अशोक क?ल, संचालक म.प्र.हिन्दी ग्रंथ अकादमी और विशेष अतिथि के रूप में बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के कुलगुरू प्रो.सुरेश कुमार जैन शामिल हुए। इस अवसर पर सेमिनार को संबोधित करते हुए म.प्र.हिन्दी ग्रंथ अकादमी के संचालक अशोक कजेल ने कहा कि  भारत का कौशल सदैव  सशक्त रहा है, हमारी समृद्ध संस्कृति ,सभ्यता और परंपराए सदैव ज्ञान का आधार रहीं हैं जो नित्य नूतन और चिर पुरातन जैसी सनातनी चिंतन की पर आधारित है। इस अवसर पर अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा डॉ. मथुरा प्रसाद ने कहा कि भारत में कौशल की कमी नही है। आज का युवा विविध क्षेत्रों में कौशल प्रदर्शित करने में सक्षम है। इस अवसर पर बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के कुलगुरू प्रो.सुरेश कुमार जैन ने कहा कि जितना कौशल भारत में है उतना विश्व के किसी देश में नहीं। आवश्यकता हमें इसे पहचानने का अवसर देने की है, जो हमारी राष्टीय शिक्षा नीति 2020 का आधार है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसी, शब्दभेदी बाण, हनुमानजी द्वारा पर्वत उठाना या जल संरक्षण जैसे विषय सशक्त कौशल की बानगी है।






# सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों के लिए होगी ओलंपियाड और वर्ड पॉवर चौम्पियनशिप

## प्रदेशभर में सत्र 2024-25 में अध्ययनरत कक्षा 2 से कक्षा 8 के विद्यार्थी होंगे शामिल

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश के समस्त शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में सत्र 2024-25 में अध्ययनरत कक्षा 2 से कक्षा 8 के विद्यार्थियों के लिए जन शिक्षा केन्द्र और जिला स्तरीय शैक्षिक ओलंपियाड का आयोजन 24 दिसम्बर को किया जा रहा है। कक्षा 2 से कक्षा 5 तक के विद्यार्थियों के लिए ओलंपियाड और वर्ड पॉवर चैम्पियनशिप होगी। माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 6 से कक्षा 8 तक के सभी विद्यार्थियों के लिए ओलंपियाड परीक्षा होगी। ओलंपियाड का आयोजन का उद्देश्य बच्चों में नेतृत्व क्षमता, प्रतिस्पर्धा की भावना, अभिव्यक्ति का विकास और विषयों के प्रति रूचि जागृत करना प्रमुख है। इस ओलंपियाड में कक्षा दूसरी से लेकर आठवीं तक की प्रारंभिक कक्षाओं के विद्यार्थी ओ.एम.आर. शीट पर प्रश्न हल करेंगे। यह व्यवस्था राज्य शिक्षा केन्द्र ने विगत वर्षों से प्रारंभ की है। इस व्यवस्था से बच्चों को भविष्य की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये बाल्यकाल से ही अनुभव प्राप्त होगा। कक्षा 2 और कक्षा 3 के लिये अंग्रेजी, हिन्दी एवं गणित, कक्षा 4 और 5 के लिये अंग्रेजी, हिन्दी, गणित एवं पर्यावरण अध्ययन और कक्षा 6, 7 और 8 के लिये हिन्दी, संस्कृत, अंग्रेजी, विज्ञान, गणित एवं सामाजिक विज्ञान विषय होंगे। प्रतियोगिता से संबंधित विस्तृत जानकारी शासकीय शालाओं के प्राचार्यों को भेज दी गई है। संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र हरजिंदर सिंह ने शैक्षिक ओलंपियाड आयोजन के लिये जिला कलेक्टर को पत्र भी लिखा गया है।

**ऐसे होगा ओलंपियाड में चयन:** प्रत्येक जनशिक्षा केन्द्र से कक्षा 2 एवं कक्षा 3 के तीनों विषयों (अंग्रेजी, हिन्दी, गणित) के 4-4 टॉपर विद्यार्थी तथा कक्षा 4 एवं कक्षा 5 से चारों विषयों (अंग्रेजी, हिन्दी, गणित पर्यावरण) के टॉपर 4-4 विद्यार्थी अर्थात् प्रत्येक जनशिक्षा केन्द्र से कक्षा 2 से कक्षा 5 के कुल 28 विद्यार्थी जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित होंगे। वहीं कक्षा 6 से कक्षा8 के तहत जनशिक्षा केन्द्र स्तर से सर्वाधिक अंको के आधार पर प्रत्येक विषय से 6-6 विद्यार्थियों के रुप में एक जनशिक्षा केन्द्र से कुल 36 विद्यार्थियों का चयन जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए होगा।

# विद्यार्थियों को इस साल मिलेगा बेस्ट ऑफ फाइव योजना का फायदा

## स्कूल शिक्षा विभाग ने सत्र 2024-25, 2025-26 के लिए जारी किए दिशा-निर्देश

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

एमपी बोर्ड ने बेस्ट ऑफ फाइव योजना को लेकर बड़ा निर्णय लिया है। जिसके तहत इस बार कक्षा 9वीं में सत्र 2024-25 एवं 10वीं में सत्र 2025-26 तक बेस्ट ऑफ फाईव पद्वति को लागू रखा जाएगा। इसको लेकर स्कूल शिक्षा विभाग ने आदेश जारी कर दिए हैं। हालांकि स्कूल शिक्षा उप सचिव प्रमोद सिंह द्वारा जारी आदेश में यह स्पष्ट?किया गया है कि कक्षा 9वीं में सत्र 2025-26 से और कक्षा 10वीं में सत्र 2026-27 से बेस्ट ऑफ फाइव पद्वति समाप्त होगी। उल्लेखनीय है कि अप्रैल 2024 में स्कूल शिक्षा विभाग ने एक अधिसूचना जारी कर इसे रद्द कर दिया था। उल्लेखनीय है कि अप्रैल 2024 में इसे रद्द करने के पीछे उद्देश्य छात्रों को सभी विषयों में समान रूप से ध्यान देने के लिए प्रेरित करना था। हालांकि, व्यापक जनहित और छात्रों की मांग को देखते हुए इसे फिर से लागू किया गया है। उल्लेखनीय है कि यह योजना छात्रों को 10वीं बोर्ड परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन और सफलता की अधिक संभावना प्रदान करने के लिए लागू की गई है। इसके तहत, यदि छात्र छह अनिवार्य प्रश्नपत्रों में से किसी पांच में पास हो जाता है, तो उसे पास माना जाएगा। यह नियम परीक्षा के तनाव को कम करने और छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखकर बनाया गया है।

## संपादकीय

# हकीकत को समझने का वक्त

हरियाली का आवरण यानि ग्रीन कवर पर लोग अक्सर ध्यान नहीं देते हैं। शहरी क्षेत्र में लोग गमलों को हरियाली समझकर संतुष्ट हो जाते हैं लेकिन देश में वन क्षेत्र की स्थिति बताने वाली ताजा रिपोर्ट इस मायने में सटीक कही जा सकती है कि यह न केवल ट्री कवर बल्कि फॉरेस्ट कवर भी बढ़ने की जानकारी देती है। बल्कि रिपोर्ट के विभिन्न पहलुओं पर बारीकी से गौर करें तो कुछ ऐसे सवाल भी उभरते हैं,जो इस पॉजिटिविटी से अलग कड़वी हकीकत की ओर संकेत कर रहे हैं। पहली नजर में यह तथ्य भले ही राहत दे रहा हो कि देश में पिछले दो वर्षों में वन और वृक्ष क्षेत्र का दायरा देश के कुल भौगोलिक क्षेत्र के एक चौथाई से ज्यादा यानि 25.17 फीसद हो गया है। लेकिन इसे भी भुलाया नहीं जा सकता कि राष्ट्रीय वन नीति 1988 के मुताबिक, पारिस्थितिकीय स्थिरता कायम रखने के लिए देश के कुल भौगोलिक क्षेत्र का कम से कम 33 प्रतिशत हिस्सा वन क्षेत्र होना चाहिए। यानि अभी भी सात फीसद कम है। ताजा रिपोर्ट के बरक्स देखें तो हरियाली व जंगल के मामले में अव्वल राज्यों में शुमार मप्र के लिये अब चिंता की बात यह है कि फॉरेस्ट ग्रीन कवर 371.54 वर्ग किलोमीटर घट गया है। माना जाता है कि यह स्थिति अवैध कटाई, अतिक्रमण और आग की वजह से बनी है। हालांकि क्षेत्रफल की दृष्टि से सबसे अधिक वन एवं वृक्ष आवरण वाले शीर्ष तीन राज्यों में मध्यप्रदेश, अरुणाचल व महाराष्ट्र रहे हैं। लेकिन यह संतोष करके खामोश बैठ जाने की स्थिति भी नहीं है। खास बात यह भी है कि रिपोर्ट में देश में हरियाली क्षेत्र में जो बढ़ोतरी दर्ज की गई है, उसका अधिकतर हिस्सा प्राकृतिक वन क्षेत्र अर्थात रेकॉर्डेड फॉरेस्ट एरिया से बाहर है, जो प्लांटेशन और एग्रोफॉरेस्ट्री का नतीजा है। निश्चित रूप से इन प्रयासों की अहमियत से इनकार नहीं किया जा सकता, लेकिन प्राकृतिक वन क्षेत्र के भरे-पूरे पेड़ों की वृक्षारोपण अभियान के तहत लगाए गए पौधों से तब तक तुलना नहीं हो सकती, जब तक कि ये पौधे पूरी तरह विकसित नहीं हो जाते। कुल हरियाली क्षेत्र में हो रही इस बढ़ोतरी के बीच भी इस तथ्य की अनदेखी नहीं की जा सकती कि देश में प्राकृतिक वनों के नष्ट होने की प्रक्रिया लगातार जारी है। इसी रिपोर्ट में 1234.95 वर्ग किलोमीटर मॉडरेटली डेंस फॉरेस्ट (कम घने जंगल) और 1189.27 वर्ग किलोमीटर ओपन फॉरेस्ट नष्ट होने की बात कही गई है। हालांकि वेरी डेंस फॉरेस्ट यानि अधिक घने जंगल की कैटिगरी में 2431.50 वर्ग किलोमीटर की बढ़ोतरी भी हुई है। मगर इससे यह संकेत मिलता है कि जंगलों के स्तर और उसकी प्रकृति में बदलाव आ रहा है। ऐसे में वन संशोधन नियम को लेकर चल रही बहस की अहमियत भी बढ़ जाती है। इस संशोधन में गैर वर्गीकृत जंगल का संरक्षण हटाने की बात है। वैसे, मामला अभी सुप्रीम कोर्ट में है, लेकिन गौर करने की बात है कि इस श्रेणी में टोटल फॉरेस्ट कवर का 16 प्रतिशत से ज्यादा हिस्सा आ जाता है जो इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं से संभावित खतरे के दायरे में आ जाएगा। कुल मिलाकर, प्लांटेशन और एग्रोफोरेस्ट्री के जरिए हरित क्षेत्र का दायरा बढ़ाने का प्रयास निश्चित रूप से सराहनीय है, लेकिन प्राकृतिक वन क्षेत्र का संरक्षण भी उतना ही अहम है। क्योंकि वही प्रकृति को असली साथी होता है और तमाम किस्म के संतुलन कायम रखता है। इसलिये बडी व महत्वाकांक्षी परियोजना के नाम पर पुराने वृक्षों या जंगलों को हटाना कालांतर में बहुत घातक हो सकता है।

# संविधान के 75 साल: हम कहाँ हैं

■ राम पुनियानी






भारत की संसद ने दो दिन तक देश के संविधान पर चर्चा की। विपक्षी नेताओं ने कहा कि हमारे संविधान में समाज के कमज़ोर वर्गों और धार्मिक अल्पसंख्यकों की भलाई के लिए अनेक प्रावधान हैं मगर उसके बावजूद ये वर्ग परेशानहाल हैं। मुसलमानों को दूसरे दर्जे का नागरिक बना दिया गया है। इसके विपरीत, सत्ताधारी भाजपा के नेताओं ने संसद के अन्दर और संसद के बाहर भी कहा कि संवैधानिक मूल्यों पर हमले नेहरु (नफरत फैलाने वाले भाषण पर रोक लगाने के लिए संवैधानिक संशोधन) ने शुरू किये और यह सिलसिला इंदिरा गाँधी (आपातकाल) से होता हुआ राजीव गाँधी (शाहबानो) और राहुल गाँधी (विधेयक को फाड़ना) तक चला। उन्होंने कहा कि सभी सामाजिक बुराईयों की जड़ में नेहरु-गाँधी परिवार है और उसी ने संविधान को नुकसान पहुँचाया है।

भाजपा नेता और हिन्दू राष्ट्रवादी चिन्तक लम्बे समय से कहते आए हैं कि भारत का संविधान पश्चिमी मूल्यों पर आधारित है, उसे औपनिवेशिक ताकतों ने हमारे समाज पर लादा है और वह भारतीय सभ्यता और संस्कृति से मेल नहीं खाता। उनका यह तर्क भी रहा है कि कांग्रेस पार्टी ने मुसलमानों का तुष्टिकरण करने और उनका वोट बैंक बनाने के लिए संविधान का दुरुपयोग किया। जैसा कि हम सब जानते हैं, संविधान उन मूल्यों का प्रतिनिधि है जो स्वाधीनता संग्राम के दौरान उपजे। संविधान तैयार करते समय हमारी सभ्यता की लम्बी परंपरा का भी ख्याल रखा गया। जिन लोगों ने स्वाधीनता आन्दोलन में भाग लिया और जो उसकी पीछे की विचारधारा में आस्था रखते थे, भारतीय सभ्यता की उनकी समझ, उन लोगों से बहुत भिन्न थी जो औपनिवेशिकता-विरोधी आन्दोलन से दूर बने रहे और ब्रिटिश शासकों के आगे नतमस्तक रहे। जहाँ आज़ादी का आन्दोलन भारत को समृद्ध विविधताओं वाला एक बहुवादी देश मानता था वहीं स्वाधीनता आन्दोलन से दूर रहने वाले उसे हिन्दू सभ्यता मानते थे। ऐसे लोगों को बहुवाद पसंद नहीं है और वे मानते हैं कि बहुवाद को शिक्षित, आधुनिक नेताओं ने देश पर थोपा है।

संघ परिवार यह भूल जाता है कि भारतीय सभ्यता को हिन्दू सभ्यता बताना, हमारी सभ्यता में जैन, बौद्ध, ईसाई और सिक्ख धर्मों व इस्लाम के योगदान को नकारना है। हिन्दू राष्ट्रवादियों के सबसे प्रिय भगवान राम को देखने के भी अलग-अलग तरीके हैं। कबीर के लिए राम सर्वव्यापी निर्गुण हैं तो गाँधी के लिए राम सभी धर्मों के लोगों के रक्षक हैं। गाँधी कहते थे 'ईश्वर अल्लाह तेरो नाम'। जवाहरलाल नेहरु ने अपनी प्रसिद्ध पुस्तक भारतः एक खोज में लिखा है कि भारत एक प्राचीन स्लेट है, जिस पर कई परतों में अलग-अलग कालों में विचार और भावनाएं दर्ज की गई मगर कोई नयी परत, पिछली परतों को न तो पूरी तरह ढँक सकी और न मिटा सकी। नेहरु बड़े गर्व से सम्राट अशोक के शासनकाल को याद करते हैं, जिन्होंने अपने कई शिलालेखों में वैदिक हिन्दू धर्म, जैन धर्म, बौद्ध धर्म और आजीविकों के साथ एक-समान व्यवहार करने की बात कही है।

संघ परिवार और उसके चिंतक जहाँ भारत को विशुद्ध ब्राह्मणवादी हिन्दू देश मानते हैं वहीं गाँधी, नेहरु इत्यादि इसे सभी भारतीयों का देश मानते थे। भारत की संविधान सभा मोटे तौर पर उस धारा का प्रतिनिधित्व करती थी, जो राष्ट्रीय धारा थी, जो वह धारा थी जिसने अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष किया था। इसके विपरीत, भारत को ब्राह्मणवादी हिन्दू राष्ट्र मानने वाला आरएसएस हाशिये की धारा थी। दोनों धाराओं का यह अंतर, भारत के संविधान का मसविदा तैयार होने के समय से ही परिलक्षित होने लगा था। अम्बेडकर और नेहरु का यह स्पष्ट मत था कि देश की सरकारों को यह सुनिश्चित करना होगा कि संविधान के मूल ढांचे से कोई छेड़छाड़ न की जाए और उसे पूरी तरह से लागू किया जाए। मगर 1998 में तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने संविधान के समीक्षा के लिए वेंकटचलैया आयोग का गठन किया। उस समय राष्ट्रपति डॉ के.आर. नारायणन ने बहुत सामयिक टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा था कि, संविधान के कारण हम नाकाम नहीं हुए हैं, बल्कि हमनें संविधान को नाकाम किया है। यह बात मोदी सरकार के कार्यकाल के सन्दर्भ में एकदम सही है। इस दौर में संविधान में कोई बदलाव नहीं किये गए मगर संघ परिवार के कई सदस्यों ने ऐसा करने की इच्छा और ज़रुरत बताई और उन्हें शीर्ष नेतृत्व द्वारा फटकारा नहीं गया। अब की बार चार सौ पार का नारा इसी इच्छा का प्रतीक था। भाजपा चाहती थी कि उसे लोकसभा में 400 से ज्यादा सीटें हासिल हों ताकि वह संविधान को बदल सके।

देश में नफरत फैलाने वाले भाषण देने और बातें कहने वालों की संख्या में तेजी से इज़ाफा हुआ है। इसका सबसे ताज़ा उदाहरण हैं इलाहबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश शेखर कुमार यादव, जिन्होंने विश्व हिन्दू परिषद् के एक कार्यक्रम में कहा कि भारत बहुसंख्यकों की मर्जी के अनुसार चलेगा। जस्टिस यादव ने समान नागरिक संहिताः एक संवैधानिक आवश्यकता विषय पर बोलते हुआ कहा, केवल वही स्वीकार किया जाएगा जो बहुसंख्यकों की भलाई और प्रसन्नता के लिए फायदेमंद हो।इससे भी ज्यादा बुरी बात यह है कि उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यादव के कथन का समर्थन किया। यह अच्छा है कि सुप्रीम कोर्ट ने यादव के सांप्रदायिक और नफरत फैलाने वाले भाषण का संज्ञान लिया है। मगर आदित्यनाथ के यादव को समर्थन का कौन संज्ञान लेगा? वर्तमान स्थितियों पर एक सटीक टिप्पणी में जस्टिस अस्पि चिनॉय ने कहा, भाजपा केंद्र में सरकार में है और उसके पास संसद में पूर्ण बहुमत है। मगर उसे भारत और उसके संविधान के धर्मनिरपेक्ष चरित्र को कानूनी तौर पर बदलने की कोई ज़रुरत महसूस नहीं हो रही है। राज्य और उसके विविध तंत्र उसके नियंत्रण में है और वह कानूनी तौर पर भारत के धर्मनिरपेक्ष चरित्र को बदले बिना ही उसके धर्मनिरपेक्ष संविधान को कमज़ोर करने और हिंदुत्व पर आधारित राजकाज कायम करने में कामयाब रही है।

भाजपा के पूर्ववर्ती जनसंघ के सांप्रदायिक चरित्र का खुलासा उस समय ही हो गया था जब संविधान का मसविदा जारी किया गया था। इसके कुछ दिन बाद, आरएसएस के गैर-आधिकारिक मुखपत्र 'आर्गेनाइजर' ने 30 नवम्बर 1949 के अपने अंक में लिखा था, भारत के नए संविधान के बारे में सबसे बुरी बात यह है कि उसमें कुछ भी भारतीय नहीं है।...भारत के प्राचीन संवैधानिक कानूनों, नामकरणों और भाषा का इसमें नामोनिशां तक नहीं है। मतलब यह कि भारत के संविधान के निर्माताओं ने 'मनुस्मृति' को नज़रअंदाज़ किया! लोकसभा में संविधान पर चर्चा में भाग लेते हुए विपक्ष के नेता राहुल गाँधी ने हिन्दू राष्ट्रवादी राजनीति के पितामह वी.डी. सावरकर को उदृत करते हुए कहा, भारत के नए संविधान के बारे में सबसे बुरी बात यह है कि उसमें कुछ भी भारतीय नहीं है। हमारे हिन्दू राष्ट्र में वेदों के बाद मनुस्मृति सबसे पूजनीय ग्रन्थ है, जो प्राचीन काल से हमारी संस्कृति, रीति-रिवाजों, विचारों और आचरण का आधार रही है। सावरकर का कहना था कि मनुमृति ही हमारे देश का कानून है।

अगर हम संविधान की मसविदा समिति के मुखिया डॉ अम्बेडकर और आरएसएस के एक सरसंघचालक के। सुदर्शन की तुलना करें तो पूरी बात समझ में आ जाएगी। अम्बेडकर ने मनुस्मृति का दहन किया था और आरएसएस के मुखिया ने भारत के संविधान को पश्चिमी मूल्यों से प्रेरित बताते हुए कहा था कि हमें मनुस्मृति पर आधारित भारत का संविधान बनाना है।

**(अंग्रेजी से रूपांतरण अमरीश हरदेनिया. लेखक नेशनल कम्यूनल हार्मोनी एवार्ड से सम्मानित हैं यह उनके विचार हैं )**

# भागवत के बयान से उपजी राहतकारी उम्मीदें

■ ज्योति मल्होत्रा



अब जबकि यह साल खत्म होने को है, ऐसा कहना शायद अतिशयोक्ति न होगी कि कई मायनों में 2024 आरएसएस प्रमुख मोहन मधुकर राव भागवत का साल रहा। पुणे में बीते गुरुवार को संघ प्रमुख ने सहजीवन व्याख्यानमाला में 'भारत-विश्वगुरु' विषय वस्तु पर अपने संबोधन के दौरान जो नवीनतम टिप्पणियां की हैं, वे राहत प्रदान करने की दिशा में काफी चौंकाने वाली लगती हैं।

उनका यह कहना कि 'मंदिर-मस्जिद विवाद अस्वीकार्य हैं' और यह भी कि 'राम मंदिर के निर्माण के बाद, यदि कुछ लोग सोचने लगे हैं कि नई-नई जगहों पर वे इस तरह के मुद्दों को उठाकर हिंदुओं के नेता बन सकते हैं, तो यह कुबूल नहीं है', आगे कहा कि 'कौन अल्पसंख्यक है और कौन बहुसंख्यक' और खुद ही इस सवाल का जवाब दियाः 'सभी समान हैं'।

कहां तो संविधान द्वारा एक धर्मनिरपेक्ष गणराज्य की गारंटी दिए जाने के 75 साल बाद, भागवत की टिप्पणियों को सामान्य माना जाना चाहिए था। लेकिन इसकी बजाय, इन्हें राहत की बात माना जा रहा है - और सुर्खियों की भी। आरएसएस प्रमुख को अपनी ही सरकार को यह याद दिलाने में समय लग गया कि देश ऐसे लोगों से बना है जिनके विचार, परंपराएं, रीति-रिवाज, धर्म और भाषाएं एकदम अलहदा हैं। और अगर इस 'खिचड़ी' को अपना विशिष्ट स्वाद बनाए रखना है, तो शायद इसे 'एक राष्ट्र-एक लोग' के शिंकजे में जकड़ने के कोई मायने नहीं हैं।

अनुमान के मुताबिक , राजनीतिक रूप से वामपंथी सोच वाले उनके पुणे भाषण में कोई न कोई कमी ढूंढ़ने में लग गए -कहीं अनुवाद में कुछ गड़बड़ तो नहीं, क्योंकि भागवत ने अपना संबोधन मराठी में दिया था। वहीं कयास से उलट, राजनीतिक रूप से दक्षिणपंथी भी शायद यह सोच रहे होंगे कि भागवत ऐसे वक्त पर स्तंभ पर बंधे भगवा ध्वज की डोर खींचकर उसे फहराने से परहेज़ क्यों कर रहे हैं, खासकर तब, जबकि मुसलमानों पर हिंदुत्व की जीत क्षितिज पर मंडरा रही है।

यह स्पष्ट नहीं है कि भागवत को कब बात खटक गई और किस वजह से उन्होंने पुणे में यह टिप्पणी की। आखिरकार, आरएसएस की स्थापना की 100वीं वर्षगांठ मनाने के लिए साल भर चलने वाले समारोहों की शुरुआत के कुछ हफ्तों बाद, और क्रिसमस से कुछ दिन पहले (जिसे मोदी सरकार ने 'सुशासन दिवस' घोषित कर रखा है, जो एक कार्यदिवस भी है) उनका यह कहना कि 'हमें साथ रहना चाहिए' - हिंदू, मुस्लिम, ईसाई, सभी को - यह कथन अनोखा और दिलचस्प दोनों है।कुछ हफ्ते पहले संभल मस्जिद के वास्तु के आधार पर इसके मूल स्वरूप को लेकर समुदायों के बीच हुई झड़प के बाद पुलिस की गोलीबारी में पांच लोगों की बेवजह मौत हो गई थी, लगता है इसके बाद से भागवत को अहसास हुआ है कि खुद को बेहतर हिंदू नेता सिद्ध करने वाली इस प्रतिस्पर्धात्मक राजनीति को जड़ पकड़ने से पहले ही खत्म कर देना सही होगा।

शायद उन्होंने देख लिया है कि भारत के 20 करोड़ मुसलमान, जो कि आबादी का 14 प्रतिशत हैं, उन्हें भी बाकी लोगों की तरह शांति और समानता से यहीं बसना है, और देश के एक अन्य विभाजन के बारे में विचार भी सोच के दायरे से परे है। किसी और की तुलना में शायद उन्होंने करीब मंडरा रहे खतरों को पहचान लिया है। कदाचित उन्होंने अपने चारों ओर देखा और पाया कि कैसे - और क्यों - सीरिया, अफगानिस्तान और फिलिस्तीन जैसे इस्लामी राष्ट्र पिछले कुछ वर्षों में भरभरा कर ढह गए। भारत के मुसलमान कहां जाएं, यदि उनके आत्मसम्मान को कुछ लोग चोट पहुंचाने की कोशिश करें। बुलडोजर चलाने वाली गर्मपंथी सोच पर भी सवाल उठे हैं।आखिरकार, 2018 में भी भागवत ने दिल्ली में संवाददाताओं से कहा था कि 'मुसलमानों के बिना हिंदुत्व अधूरा है'। और पिछले साल, जब इलाहाबाद उच्च न्यायालय की एकल पीठ ने ज्ञानवापी मस्जिद का सर्वेक्षण करने की अनुमति दी ताकि यह पता लगाया जा सके कि क्या यह कभी मंदिर था और टीवी पत्रकार इस निर्णय के निहितार्थों को लेकर हल्ला मचाने लगे, तो भागवत ने शांति से कहा, 'हर मस्जिद के नीचे शिवलिंग की तलाश क्यों करना'?

निश्चित ही, यह बात कोई नहीं मानेगा कि आरएसएस प्रमुख और पीएम मोदी एक जैसे नहीं हैं या पिछले एक दशक में भाजपा के सत्ता में रहने से आरएसएस को बहुत लाभ नहीं हुआ है। बेशक, हुआ है। आरएसएस को पता है कि अगर मोदी नहीं होते, तो अयोध्या में राम मंदिर नहीं होता या दुनिया भर के 39 देशों में इसका विस्तार नहीं होता। आरएसएस प्रमुख के विचार इस बारे में स्पष्ट हैं कि सभी धर्मों के सभी भारतीय 'हिंदू' हैं, क्योंकि एक समय में उनके पूर्वज भी हिंदू थे। अक्तूबर माह की शुरुआत में विजयादशमी पर अपने संबोधन में भागवत ने स्पष्ट किया था कि उनके पास 'उदारवादी एवं प्रगतिशील विचार और सांस्कृतिक मार्क्सवाद' के लिए समय नहीं है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेशी हिंदुओं को भारत से मदद की जरूरत है। उन्होंने कहा, 'यहां तक कि भगवान भी कमजोरों की परवाह नहीं करतेज्बांग्लादेश में जो हुआ, वह हिंदू समाज के लिए एक सबक होना चाहिए। कमजोरी एक अपराध है'। लेकिन भागवत का राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कई अन्य ढंग से दिलचस्प है। यह विश्वसनीय रूप से कहा जा सकता है कि संघ के कार्यकर्ता, जो अक्सर चुनावों में पलड़ा झुकाने में भूमिका रखते हुए भाजपा की हार को जीत में बदल देते हैं, उन्होंने 2024 के आम चुनाव में भाजपा उम्मीदवारों के लिए वैसा उत्साहपूर्वक प्रचार नहीं किया, जैसा कि वे इससे पहले करते आए हैं - संसद में पार्टी के बहुमत में कमी का एक कारण यह भी रहा। और बाद में आरएसएस ने हरियाणा और महाराष्ट्र चुनावों में अपना रुख बदला और पूरी ताकत झोंकने का फैसला किया। निश्चित रूप से, भागवत को अपने अनुकूल पाकर भाजपा को कहीं अधिक बल मिला है।

गौरतलब है कि संघ प्रमुख की उक्त टिप्पणियां मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना द्वारा निचली अदालतों को मंदिर-मस्जिद विवाद को लेकर कोई नया मुकदमा स्वीकार न करने या मस्जिदों के नीचे मंदिर होने का पता लगाने को सर्वेक्षण की मांग करने वाली मौजूदा याचिकाओं पर आदेश पारित न करने का निर्देश देने के कुछ दिनों के भीतर आई हैं। खन्ना ने कहा था कि सुप्रीम कोर्ट 1991 के पूजा स्थल अधिनियम पर फिर से विवेचना के लिए दायर याचिकाओं पर अलग से सुनवाई कर रहा है, जिसमें कहा गया है कि किसी पूजा स्थल की जो भी यथास्थिति 15 अगस्त, 1947 को थी, वही कायम रहेगी। हाल-फिलहाल, जस्टिस खन्ना ने इस तमाम कानूनी कहा-सुनी पर रोक लगा दी है कि क्या मस्जिदें कभी मंदिर हुआ करती थीं। ठीक इसी घड़ी, कम-से-कम भागवत भी जोश में आए अपने लोगों को ठंडा करने की कोशिश कर रहे हैं -वे राम मंदिर तक ही संतुष्ट रहें, काशी या मथुरा को प्राप्त करने या संभल शाही मस्जिद या अजमेर शरीफ दरगाह के नीचे खुदाई करने की कोई ज़रूरत नहीं है। बहुत संभव है कि भागवत हिंदू और मुस्लिम समूहों के बीच हुई मध्यस्थता की अंदरूनी कहानी जानते हों, जिसके परिणामस्वरूप 2019 में सुप्रीम कोर्ट के फैसले में राम जन्मभूमि के गर्भगृह वाली जगह सहित 2.77 एकड़ जमीन 'हिंदू पक्ष' को दे दी गई थी। भागवत शायद महीनों तक चले लेन-देन को जानते हों, मुसलमानों ने जो किया, उस पर हक क्यों छोड़ दिया और बदले में उनसे क्या-क्या वादा किया गया था। सवाल यह है कि क्या यह सब मोहन भागवत को साल का सबसे प्रमुख व्यक्ति बनाता है? एक अनौपचारिक जनमत सर्वे ही बता पाएगा।

**(साभार : लेखिका वरिष्ठ पत्रकार हैं, यह उनके विचार हैं। )**

> सिद्धि की अपेक्षा संकल्प में अधिक मिठास होती है।
> - गोपीकान्त

## आज का इतिहास

- 1715: स्वीडन की सेना का नार्वे पर कब्जा।
- 1798: रूस और ब्रिटेन के बीच दूसरे फ्रांस विरोधी गठबंधन पर हस्ताक्षर।
- 1889: भारत में पहला मनोरंजन पार्क एसेल वर्ल्ड मुंबई में खोला गया।
- 1894: कलकत्ता (कोलकाता) में पहली मेडिकल कॉन्फ्रेंस का आयोजन।
- 1921:रबीन्द्रनाथ ठाकुर ने विश्व भारती विश्वविद्यालय की स्थापना की।
- 1954: दक्षिण पूर्वी एशियाई देश लाओस ने स्वतंत्रता हासिल की।
- 1962: सोवियत संघ ने नोवाया जेमल्या में परमाणु परीक्षण किया।
- 1967: चीन ने लोप नोर क्षेत्र में परमाणु परीक्षण किया।
- 1986: नई दिल्ली में लोटस टैंपल श्रद्धालुओं के लिए खोला गया।
- 1989: भारत का पहला एम्यूजमेंट पार्क एसेल वर्ल्ड महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में खोला गया।
- 1996: तजाकिस्तान में गृहयुद्ध को समाप्त करने के लिए समझौता।
- 2000: विश्वनाथन आनंद विश्व शतरंज चैंपियन बने।
- 2002: दिल्ली मेट्रो का शुभारंभ। शहादरा से तीस हजारी के बीच चली।
- 2003: अमेरिकी विदेश विभाग ने 30 जून, 2004 को इराक में सत्ता सौंपने की तैयारी शुरू की।
- 2005: यूरोपीय संघ ने खालिस्तान जिन्दाबाद फोर्स को आतंकी सूची में शामिल किया।
- 2006: शिखर बैठक में फिलिस्तीन को इजराइल कई सुविधाएं देने के लिए तैयार।

2011: क्यूबा सरकार ने 2900 कैदियों को रिहा करने की घोषणा की।

## निशाना

### सेंकते हम रोटी !



-कृष्णेन्द्र राय

छोटी छोटी घटना पर।
सेंकते हम रोटी ।।
करनी राजनीति है।
बात नहीं ये छोटी ।।
कोशिश लगातार है।
टूट न जाए क्रम ।।
रहना हमको ज़िंदा।
ना इसमें हो भ्रम ।।
होंगे लाख जलील पर।
ना लाना बदलाव ।।
जनता ने ठुकरा कर।
दिया बराबर घाव ।।
मुद्दों की हम ख़ोज में।
है लाना हर हाल ।।
भले लाख हम पर।
उठते हों सवाल ।।

# कावेरी स्टेट में बन रहे पार्क का नगरपालिका अध्यक्ष ने किया निरीक्षण



**इटारसी, दोपहर मेट्रो**

नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने वार्ड पार्षद व सभापति मंजीत कलोसिया के साथ कावेरी स्टेट में विकसित किए जा रहे पार्क का निरीक्षण किया। इस दौरान साथ में उपयंत्री सोनिका अग्रवाल भी थीं। नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने यहां हो रहे कार्यों की समीक्षा की और ठेकेदार को जल्दी ही कार्य पूरा करने के निर्देश दिए हैं। नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने बताया कि यहां पाथेवे, लाइटिंग के अलावा अन्य कार्य किए जा रहे हैं। जिससे यह पार्क यहां के नागरिकों के लिए उपयोगी होगा। वहीं बच्चों व युवाओं को भी इससे काफी लाभ मिलेगा।

**जल्दी ही आम जनता के लिए प्रारंभ हो पार्क इसलिए जल्दी काम करने का दिए निर्देश**

इसके अलावा नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने वार्ड 14 में बन रही नाली का निरीक्षण किया। यहां अभी नाली निर्माण का आधा कार्य हुआ है।

## इटारसी के व्यापारी का कारनामा

# पतंजलि ब्रांड से मिलते जुलते नाम वाली कंपनी का भांडाफोड़

**शिकायत पर कार्यवाही के लिए आई दिल्ली की टीम**

**इटारसी, दोपहर मेट्रो**

पतंजलि फूड लिमिटेड कंपनी के प्रसिद्ध ब्रांड 'रुचि स्टार' के नाम और लोगो की कॉपी कर मिलते जुलते नाम रिच स्टार के नाम से तेल निर्माता करने वाली इटारसी की कंपनी के खिलाफ पतंजलि फ़ूड लिमिटेड के लीगल एडवाइज़र नवकार एसोसिएट्स के अधिवक्ता नम्रता जैन, विजय सोनी द्वारा नक़ल कर रही तेल की कंपनी पर सोमवार को बड़ी कार्यवाही की गई।

कंपनी को लगातार शिकायत मिल रही थी की इटारसी में तेल निर्माता चंद्रभान सदनमल के द्वारा रिच स्टार के नाम से तेल मार्केट में बेचा जा रहा है, जो कि हूबहू प्रसिद्ध पतंजलि के ब्रांड रुचि स्टार की तरह ही दिखता है जो कि पतंजलि फूड लिमिटेड के रजिस्टर्ड व्यापर चिन्ह और रजिस्टर्ड कॉपीराइट स्टाइल का कथित उल्लंघन कर रिच स्टार के नाम से तेल मार्केट में बेचा जा रहा है। इसके बाद पतंजलि फ़ूड लिमिटेड द्वारा दिल्ली वाणिज्यिक न्यायायलय में नवकार एसोसिएट्स के अधिवक्ता नम्रता जैन, विजय सोनी द्वारा वाद दायर किया गया दिल्ली कोर्ट के द्वारा नियुक्त लोकल कमिश्नर विक्रम चौधरी ने लोकल पुलिस के सहयोग से कंपनी के परिसर में पहुंच कर कार्यवाही कर तेल जब्त किया। लोकल कमिश्नर की कार्यवाही में पाया गया कि वहां पर पतंजलि फूड्स लिमिटेड के रजिस्टर्ड व्यापार चिन्ह और रजिस्टर्ड कॉपीराइट का उल्लंघन कर रिच स्टार के नाम से तेल बेचा जा रहा है जिसे लोकल कमिश्नर के द्वारा सर्च एंड सीज़र कर मॉल सील किया गया। इस संबंध में 23 दिसंबर -24, को क़ानूनी फर्म नवकार एसोसिएट्स के अधिवक्ता नम्रता जैन, विजय सोनी द्वारा इटारसी, 9 नर्मदापुरम पुलिस स्टेशन के इंस्पेक्टर के नेतृत्व में, वाणिज्यिक न्यायालय, दिल्ली के आदेश (कोर्ट ऑर्डर) पर सम्बधित फैक्ट्री पर दबिश दी गई। निरीक्षण के दौरान ब्रांड रिच स्टार का काफ़ी मात्रा में तेल, लेबल और पैकेजिंग आइटम जप्त किया गया। उक्त वाणिज्यिक

न्यायालय के आदेश (कोर्ट ऑर्डर) के जारी होते से अब रिच स्टार के नाम से तेल को ख़रीदना, स्टॉक में रखना, बेचना, मार्केटिंग व विज्ञापन करना न्यायालय के आदेश का उल्लंघन होगा एवं उसके ख़िलाफ़ क़ानूनी कारवाई की जावेगी।









# पेंशनर्स डे पर स्वास्थ्य शिविर एवं सम्मान समारोह

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

भारत पेंशनर्स समाज के तत्वाधान में पेंशनर्स डे के अवसर पर हाउसिग बोर्ड कालोनी स्थित मंगल भवन में माया नारोलिया राज्य सभा सांसद एवं डा सीताशरण शर्मा विधायक एवं पूर्व विधान सभा अध्यक्ष की उपस्थिती में 80 बर्ष से अधिक आयु के पेंशनर्स का सम्मान किया गया.

सम्मान पाने वाले पेंशनर्स में डा. एल एल शर्मा, डा. कल्याणी, गोपाल प्रसाद खड्डर, उमाशंकर श्रोती, गिरीमोहन गुरू, प्रभुदयाल यादव, रंजीत सिह, एन कुमार दुबे, एस एस मालवी, पी एल साहू, विजय सिंह राठौर, सुदामा प्रसाद मालवी, आर पी दीक्षित, एन एस गौर, गिरजा शंकर यादव एवं राम कृष्ण भट्ट का सम्मान श्रीमति माया नारोलिया राज्य सभा सांसद एवं डा सीताशरण शर्मा विधायक के कर कमलों से हुआ. पेशनर्स समाज के अध्यक्ष प्रभात पांडे ने प्रदेश सरकार एवं केन्द्र सरकार के स्तर पर पेशनर्स की लंबित मांग को लेकर उपस्थित सांसद एवं विधायक को ज्ञापन दिया. पेंशनरों की समस्याओं का उल्लेख करते हुए कहा गया कि राज्य पुनर्गठन की धारा 49 का विलोपन केन्द के समान महगाई राहत पूर्व सैनिको के लिये संभाग स्तर पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना प्रदेश के पेशनर्स को केन्द्रीय कर्मचारियों की चिकित्सा सुविधा सेवा निवृत दैनिक भोगी कर्मचारी जिन्हे पेंशन की पात्रता नही है उन्हे गरीबी रेखा वाले कार्ड की सुविधा उपलब्ध कराने जैसी मांगो पर विस्तार से चर्चा की.



उपस्थित जन प्रतिनिधियों द्वारा राज्य एवं केन्द्रीय सरकार के स्तर की मांगो का शीघ्र निराकरण करने का आश्वासन दिया. कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमे लगभग 175 व्यक्ति की जांच की गई. शिविर में हड्डी की जांच करने वाली मशीन से व्यक्तियो की जांच की जाकर उपचार किया गया. ह्रदय रोग हेतु डा श्रीराम अग्रवाल अस्थि रोग हेतु डा उमंग अग्रवाल दंत रोग हेतु डा महक जैन नेत्र रोग की जांच हेतु सेवासदन बेरागढ की टीम डा विशाल गुप्ता डा ए पी त्रिपाठी डा आर एच चौहान ने सेवा प्रदान की. कार्यक्रम को जीतेन्द्र गुप्ता ब्रांच मेनेजर स्टेट बेंक मीनाक्षी चौक द्वारा संबोधित कर बैंक द्वारा पेंशनर्स को दी जाने वाली सुबिधाओ की विस्तार से जानकारी दी. डा उमंग अग्रवाल द्वारा भी स्वास्थ्य से संबधित जानकारी दी.

कार्यक्रम को विकास नारोलिया ने भी संबोधित किया. वरिष्ठ नागरिक समिति द्वारा मां के नाम एक वृक्ष के तहत माया नारोलिया एवं डा सीताशरण शर्मा द्वारा पौध रोपण किया गया. कार्यक्रम का संचालन राजेश चौरे द्वारा किया।

# विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा ने बूथ अध्यक्षों का किया सम्मान

**नगरपालिका अध्यक्ष कार्यालय में हुआ स्वागत कार्यक्रम**

**इटारसी, दोपहर मेट्रो**

भारतीय जनता पार्टी इटारसी नगर मंडल के बूथ अध्यक्षों का स्वागत सोमवार को नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे निजी कार्यालय में विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा सहित वरिष्ठ भाजपा नेताओं व नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष राहुल चौरे द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से विधायक डॉ शर्मा के अलावा भाजपा जिला महामंत्री मुकेशचंद्र मैना, वरिष्ठ भाजपा नेता संदेश पुरोहित, जयकिशोर चौधरी, भरत वर्मा, एमजीएम कॉलेज के जनभागीदारी समिति अध्यक्ष डॉ नीरज जैन, विधायक प्रतिनिधि भरत वर्मा, नरेश मेघानी, पूर्व सभापति जसबीर सिंह छाबडा, पूर्व मंडल अध्यक्ष जोगिंदर सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

स्वागत व परिचय कार्यक्रम में प्रतीक स्वरूप कुछ वरिष्ठ बूथ अध्यक्षों को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेयी का चित्र प्रदान किया गया। वहीं अन्य सभी बूथ अध्यक्ष व कार्यकर्ताओं का भाजपा का गमछा पहनाकर स्वागत किया गया। स्वर्गीय अटल जी का चित्र सभी बूथ अध्यक्षों को दिया जाएगा।



इस अवसर पर विधायक डॉ सीतासरन शर्मा ने कहा कि बूथ अध्यक्षों की उपस्थिति यहां जिस तरह से दिख रही है, आने वाले समय में वार्डो व बूथ पर भाजपा और भी अच्छा काम करेगी। उन्होंने कहा कि मंडल अध्यक्ष राहुल चौरे के नेतृत्व में अच्छा काम सभी मिलकर करेंगे। नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष राहुल चौरे ने यहां सभी को जानकारी दी कि 25 दिसम्बर को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के जन्मदिवस पर प्रत्येक बूथ पर सुशासन दिवस मनाया जाएगा।



नर्मदापुरम. विधायक डॉक्टर सीता शरण शर्मा ने नागरिकों की समस्याएं सुनी और उनसे सुझाव लिए . विधायक डॉक्टर शर्मा ने उपस्थित जनों को आश्वासन देते हुए कहा कि आपकी समस्या हल की जाएंगी.

# दीक्षित सर्वसम्मति से सामाजिक समरसता राष्ट्रीय एकता मंच के तीसरी बार अध्यक्ष

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

स्थानीय नेहरू पार्क में सामाजिक समरसता राष्ट्रीय एकता मंच कार्यकारिणी की बैठक हुई जिस में सर्व समिति से निर्णय लेकर अरुण दीक्षित को तीसरी बार मंच का अध्यक्ष बनाया गया.

बैठक में उपस्थित अशोक दिबोलिया कार्यकारीअध्यक्ष मोहम्मद अकरम खान डॉक्टर सुरेंद्र जीतसिंह ओपी तिवारी के एन त्रिपाठी डॉ आदिल फ़ाज़ली ओपी तिवारी ललित यादव मोहम्मद असलम भारती जेपी शर्मा डॉ मयंक तोमर ओम प्रकाश मालवीय रमेश सोनी हेमंत शर्मा जय बाला निगम सभी ने दीक्षित के नाम का प्रस्ताव पारित कर अध्यक्ष पद का दायित्व का सौंपा. सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुने जाने पर शरीफ राइन बबलू राठौर राजेश मिश्रा गोविंद दीक्षित महेंद्र तिवारी लवलेश जैन कृष्ण चौहान संदीप पाठक अक्की जायसवाल मुकेश श्रीवास्तव ओम प्रकाश पुरोहित सहित सामाजिक समरसता राष्ट्रीय एकता मंच के सभी सदस्यों ने दीक्षित को शुभकामनाएं एवं बधाई दी. इस अवसर पर मंच के संरक्षक के एस राजपूत द्वारा दीक्षित के उज्जवल भविष्य की कामना की।

**2 जनवरी को नर्मदा तट गोंदरी घाट पर होगा नव वर्ष मिलन समारोह**



**मेट्रो एंकर** | तेंदूखेड़ा उप वनमंडल के झलौन एवं तेन्दूखेड़ा वन परिक्षेत्र का मामला कभी था सागौन का जंगल अब मैदानों में होने लगा तब्दील

# वन माफियाओं द्वारा काटे जा रहे हाईवे किनारे लगे हरे-भरे पेड़, वन अमले का नहीं ध्यान

**विशाल रजक तेन्दूखेड़ा, दोपहर मेट्रो**

प्रदेश सरकार द्वारा वनो की सुरक्षा व देखभाल के लिए करोड़ों रुपए खर्च कर रही है और हर साल करोड़ों रुपए के प्लांटेशनो का निर्माण कार्य करा रही है जिसमें पौधों को लगाया जा रहा है और उनके संरक्षण के लिए वनरक्षक व चौकीदारों को भी रखा जा रहा है वनो के संरक्षण हेतु कई योजनाओं को चलाया जा रहा है लेकिन वन परिक्षेत्र के जंगलों में वन माफिया सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं वह बेधड़क होकर जंगलों को सफाया कर रहे हैं और जंगलों को खेल मैदान में तब्दील करने के प्रयास करने में जुटे हुए हैं जिसके कारण हरे भरे वृक्षों की आये दिन बेहरमी से कटाई की जा रही है मामला तेन्दूखेड़ा उप वनमंडल के दो वन परिक्षेत्रों से जुड़ा हुआ है जहां पर वनों की कटाई थमने का नाम नहीं ले रही है वन परिक्षेत्र में विभाग का अमला वनों की सुरक्षा के प्रति गंभीर दिखाई नहीं देता है संबंधित अधिकारी जंगलों की अवैध कटाई रोकने में सक्षम नहीं दिखाई देते।

- **सागर जबलपुर स्टेट हाईवे 15 में सड़क किनारे लगे पेड़ों पर चल रही कुल्हाड़ी विभाग को नजर नहीं आ रहे ठूंठ एक सप्ताह पहले काटे हुए पेड़ों के पडे अवशेष व ठूंठ**





**सागर स्टेट हाइवे 15 पर हो रही लगातार कटाई**

अभी वनमाफिया जंगलों के अंदर पेड़ों की अवैध कटाई करते थे लेकिन अब वन माफियाओं द्वारा हाईवे किनारे लगे पेड़ों की कटाई करने के मामले सामने आने लगे हैं जहां वन विभाग की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े किए जाने लगे हैं वन माफिया के निशान पर सागर जबलपुर स्टेट हाईवे 15 है जहां झलौन तेन्दूखेड़ा मार्ग पर हाईवे किनारे लगे हरे भरे पेड़ों पर कुल्हाड़ी चल रही है गौर करने वाली बात ये है कि इस बारे में संबंधित विभाग के अधिकारी कर्मचारी अंजान है शनिवार को झलौन जाते समय सड़क किनारे कई स्थानों पर एक सप्ताह पुराने सागौन सहित अन्य प्रजातियों के पेड कटे हुए पड़े थे जिन्हें देखकर इन पेड़ों को माफियाओं द्वारा एक सप्ताह पहले काटकर यह छोड़कर चले गए इन पेड़ों को काटने में कुल्हाड़ी का उपयोग किया गया है वहीं सागौन के पेड़ों का कुछ हिस्सा लोग अपने साथ काटकर ले गए जिस स्थान पर यह कटाई की गई है वह झलौन वन परिक्षेत्र एवं तेन्दूखेड़ा वन परिक्षेत्र की सीमा है।

### अधिकारियों द्वारा नहीं किया जाता जंगलों का निरीक्षण

अधिकारियों द्वारा कटाई पर कोई कार्यवाही नही की जाती है वह कागजों में केवल अपनी गशती एवं उपस्थिति दर्शाते है कि उनके द्वारा लगातार क्षेत्र का भ्रमण कर अवैध कटाई को रोका जा रहा है लेकिन ना तो अवैध कटाई रोकने का नाम ले रही है और ना ही अधिकारियों द्वारा कोई कार्रवाई की जा रही है।

### जांच हो तो मिलेंगे दर्जनों ठूंठ

सूत्रों के अनुसार अगर झलौन वन परिक्षेत्र एवं तेन्दूखेड़ा वन परिक्षेत्र की इन सभी बीटो का निरीक्षण किया जाए तो यहाँ पर सैकड़ों पेड़ों की ठूंठ मौके पर मिल जाएंगे यहां सबसे अधिक सागौन के पेड़ों को काटा जाता है ।

### तेंदूखेड़ा वन परिक्षेत्र की जांच हो

तेंदूखेड़ा वन परिक्षेत्र की सबसे ज्यादा पेड़ों की कटाई होना पाया गया है। कई जगह पेड़ काटकर खेती की जाने लगी है। इसी तरह तेंदूखेड़ा वनपरिक्षेत्र की केवलारी में भी हजारों एकड़ वनभूमि में खेतीबाड़ी की जा रही है, इसकी जांच होनी चाहिए

### परिक्षेत्र अधिकारी ने फोन रिसीव नहीं किया

जब इस संबंध में तेन्दूखेड़ा वन परिक्षेत्र अधिकारी मेघा पटेल से संपर्क किया तो उन्होंने फोन रिसीव करना जरूरी नहीं समझा जिसके कारण बात नहीं हुई वहीं झलौन वन परिक्षेत्र अधिकारी सतीश मसीहा का फोन आउट कवरेज क्षेत्र बताता रहा जिसके कारण इनसे भी बात नहीं हुई है वहीं दमोह वन मंडल अधिकारी द्वारा भी फ़ोन रिसीव नहीं किया गया।

### जनकल्याण पर्व शिविर में अचानक पहुंचे विधायक

# अधिकारियों को न देखकर भडके शर्मा होने पर भड़के, बोले-जनकल्याण पर्व का कर्मकांड कर रहे

सिरोंज, दोपहर मेट्रो





पुरानी बस स्टैंड पर जनकल्याण पर्व के तहत सोमवार को शिविर का आयोजन किया गया था अक्टूबर में अधिकांश अधिकारी कर्मचारी गायब थे। इनकी पोल भी विधायक के पहुंचने से खुल गई इन्हें उम्मीद नहीं थी विधायक शर्मा शिविर मे आ जाएंगे वहीं अधिकांश शिविरों में खानापूर्ति की जा रही थी नगर पालिका स्टाफ ही रहता था बाकी विभागों के अधिकांश अधिकारी कर्मचारी गायब रहते थे।

सरकार के द्वारा महत्वपूर्ण पर्व प्रारंभ उसकी जमीनी हकीकत देखने के लिए जब अचानक विधायक उमाकांत शर्मा पहुंचे तो शिविर में तहसीलदार से लेकर जिनकी ड्यूटी थी उनमें अधिकारी कर्मचारी मौके पर नहीं थें। इसके बाद विधायक नाराजगी जाहिर करते हे फोन पर जिम्मेदार अधिकारियों से बात की वहां से जवाब आया की टील के कारण तहसीलदार नहीं इस पर विधायक ने कहा कि टील है जनकल्याण पर्व औपचारिकता पूरी करने के लिए हो रहा है। पटवारी आर आई क्या कर रहे हैं जनप्रतिनिधि बैठे हैं जनता परेशान उनकी सुनवाई कौन करेगा जनकल्याण पर्व का कर्मकांड केवल किया जा रहा है। इसके बाद जिन अधिकारी कर्मचारी की शिविर में ड्यूटी लगाई गई थी उनकी सूची मांगी उनको लेकर नगर पालिका में निर्माण शाखा प्रभारी बालमुकुंद कुशवाहा थी जिसको देखकर विधायक ने रोहित तोमर का नाम पुकारा वहा मौजूद नहीं थे। इसके बाद फिर विधायक ने जिम्मेदार अधिकारियों से फोन पर पूछा कि यह कहां है बार-बार रोहित तोमर को पुकारा गया पर वह नजर नहीं आए इस दौरान जैसे ही विधायक पहुंचे तो कई महिलाएं अपनी समस्या लेकर इनके पास पहुंची वही एक महिला जिसकी उम्र 78 है इसके बाद भी उसको पेंशन नहीं मिल रही है विधायक ने इसके संबंध में पूछा क्यों नहीं मिल रही है पात्रता में आ रही है तो इनको मिलनी चाहिए सभी कार्रवाई पूरी करके स्वीकृति प्रदान की जाए बड़ी संख्या हितग्राही अपनी परेशानी लेकर विधायक के समक्ष पहुंचे उन्होंने अपनी अपनी समस्या के संबंध में



आवेदन भी दिए जिनको दूर करवाने का आश्वासन भी विधायक श्री शर्मा के द्वारा दिया इससे पहले नगर में आयोजित हो रहे जन कल्याण पर्व के शिवरों में नगर पालिका के अलावा अन्य विभागों के ज्यादातर अधिकारी कर्मचारी पहुंचते ही नहीं है। कभी कभार एक दो विभागों के अधिकारी पहुंचकर खाना पूर्ति कर देते इस वजह से मुख्यमंत्री मोहन सरकार के 1 साल पूरे होने पर आयोजित हो रहे जन कल्याण पर्व शिविर क लाभ जनता को पूरी तरह से नहीं मिला रहा है। इसकी पोल भी विधायक के सामने खुल गई विधायक के पहुंचने के बाद तहसीलदार संजय चौरसिया से लेकर अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौका पर पहुंचे शिविर में हाजी देने पहुंचे । वही पात्र हितग्राहियों को शासन की योजना से लाभान्वित करने का काम भी किया कुछ हितग्राहियों को शासन की योजना से लाभान्वित करने के स्वीकृति पत्र भी विधायक ने हितग्राहियों को प्रदान किए ।

**सिरोंज जिला भी बनेगा रेलवे लाइन भी आएगी लक्ष्मण सिंह कभी नहीं तोड़ पाएंगे**

जनकल्याण पर्व के दौरान विधायक उमाकांत शर्मा ने कहा कि लक्ष्मण सिंह लटेरी को तोड़कर ब्यावर को जिला बनाने की बात कर रहे थे। उनका यह सपना पूरा नहीं होगा सिरोंज लटेरी एक है एक ही रहेंगे सिरोंज जिला भी बनेगा रेलवे लाइन भी आएगी उन्होंने क्षेत्र की जनता को भगवान बताते हुए मैं तो इनका सेवक हूं इस रूप में सेवा कर रहा हूं आगे कहा कि विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए संभव प्रयास किया जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश मजबूत हो रहा है विश्व में भारत की अलग ही पहचान है विकास भी तेजी से हो रहा है । प्रदेश में मुख्यमंत्री मोहन यादव नेतृत्व में सरकार हर वर्ग के कल्याण के लिए काम कर रही है। पात्र व्यक्ति को शासन की योजना से लाभान्वित करने के लिए जनकल्याण पर्व का आयोजन किया जा रहा है।इसके माध्यम से सभी पत्र लोगों को शासन की योजना से लाभान्वित करने का कार्य किया रहा है।

## एसडीएम के निर्देशो के बाद नगर पालिका ने हटाई इमलानी रोड से मिट्टी



सिरोंज। मुख्य सड़क से इमलानी को जाने वाली सड़क का निर्माण अतिक्रमण आने के उपरांत एसडीएम के निर्देश पर बंद है। 15 दोनों से रास्ते पर मिट्टी पड़ी है इस वजह से सभी को परेशानी हो रही है। हमारे संवादाता की खबर के बाद एसडीएम ने रास्ता खुलवाने के लिए गर पालिका परिषद सीएमओ राम प्रकाश साहू को दिए थे इसके बाद यहां से मिट्टी हटाने का काम हुआ इसके बाद यहां से रास्ता भी प्रारंभ कर दिया । मिट्टी डाली होने की वजह से सभी लोगों परेशानी हो रही थी उन्होंने भी राहत की सांस ली है कई दिनों के बाद आवागमन प्रारंभ हुआ है। वही मुख्य सड़क लगकर परपाइपलाइन के लिए नगर पालिका परिषद ने खोदाई करने के बाद मिट्टी को वापस वहां से नहीं हटाया हैं । इस वजह से यहां से यातायात बंद है। खबर के बाद एसडीएम ने दो दिन पहले नगर पालिका सीएमओ को यहां से मिट्टी हटवाकर मार्ग को चालू करने के लिए निर्देश दिए थे।

## ई मंडी लागू करने हेतु दिया प्रशिक्षण



**सिरोंज।** आज दिनांक 23.12.2024 को कृषि उपज मंडी समिति सिरोंज में ई मंडी 01 जनवरी 2025 से लागू करने हेतु अनुज्ञप्तिधारी व्यापारी तुलावट एवं समस्त कार्यरत कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण देने में मंडी लिपिक निखिल अहिरवार ने बताया कि आने वाले समय पर मध्यप्रदेश की समस्त मंडियां ऑनलाइन पद्धति पर अपना कार्य संचालन करेगी जिसमें कृषकों एवं व्यापारियों एवं मंडी कर्मचारियों को बहुत ही आसान प्रक्रिया के साथ कृषकों का माल खरीदना एवं भुगतान प्रक्रिया में बड़ी आसानी होगी।

## दीपनाखेड़ा को तहसील बनाने सौंपा ज्ञापन



सिरोंज। विधायक पंडित उमाकांत शर्मा को दीपनाखेड़ा तहसील बनाने का ज्ञापन दिया जिसको स्वीकारते हुए दीपनाखेड़ा तहसील बने उसका समर्थन किया और तहसील बनाने में हर संभव सहयोग का भरोसा दिया, दीपनाखेड़ा से विशेष स्नेह विधायक का पहले से ही है और दीपनाखेड़ा के पुरोहित भी है विधायक इस विशेष स्नेह और तहसील के समर्थन के लिए हम सभी क्षेत्र बासियो की तरफ से बहुत बहुत आभार एवम् धन्यवाद।

## जन सूचना केंद्र और विवेका बंचनालय केंद्र पर बैठक




सिरोंज। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद जिला विदिशा की जिला समन्वयक मैडम पूजा वधाईया एवं विकासखंड सामान्यक चरण सिंह दांगी द्वारा समिति गरेंठा एवं नवंकुर संस्था जन कल्याण समाज सेवा समिति के माध्यम से संचालित स्वामी विवेकानंद वाचनालय एवं जन सूचना केंद्र का निरीक्षण किया गया एवं केंद्र पर बैठक के दौरान जिला समन्वयक द्वारा युवा पीढ़ी को नशा मुक्ति करने पर जोर दिया एवं बताया कि ग्राम में युवा एवं समाजसेवी लोगों के माध्यम से ग्राम को आदर्श ग्राम नशा मुक्त ग्राम महिला सशक्तिकारण एवं शिक्षा , स्वच्छ ग्राम बनाया जा सकता है जिसमें ग्राम के समाज सेवी लोगों का बड़ा महत्वपूर्ण योगदान होता है हम सबको मिलकर ग्राम को आदर्श बनाने में योगदान करना चाहिए बैठक मे संस्था जन कल्याण समाज सेवा समिति गरेंठा से किशोर पटेल, कार्यक्रम समन्वयक अंकेश पटेल, प्रसफुटन समिति से सुरेश त्यागी, सुनील शाक्य, परामर्शदाता दिनेश, बीएसडब्ल्यू एमएसडब्ल्यू छात्र रामबाबू राजपूत, शिवकुमार शर्मा,सचिन धाकड़, हरिचरण शर्मा उपस्थित रहे।

## राष्ट्र निर्माण करता और कर्तव्यनिष्ठ ही महान शिक्षकों का सम्मान करती है-यादव

सिरोंज। सोमवार को जनपद सदस्य कलेक्टर सिंह यादव महान शिक्षकों का सम्मान करने के लिए आतुर दिखाई दिए जो शिक्षक अपनी कर्तत्वयपरायणता के चलते इतनी जल्दी शाला भवन खोल रहे हैं। पहले तो उन सभी शिक्षकों के पैर छुए और फिर उन्हें माला पहनाकर मिठाई खिलाई। सभी गांवों में शिक्षकों के जल्दी शाला खुलने कि चर्चा जोरों पर है शिक्षकों प्रति गांव में इनका सम्मान है। शिक्षक शाला प्रभारी प्रहलाद सिंह, राजेंद्र राय, कुलदीप सिंह, श्रीमती पूजा, विजय सिंह, चन्द्र मोहन को भी सम्मानित किया गया है। साथ ही कलेक्टर रोशन सिंह के कदम की जमकर सराहना करते हुए कि आप कुछ बदलाव देखने को मिल सकता है।

## सुशासन सप्ताह शिविर में आएं आवेदन



तेंदूखेड़ा, दोपहर मेट्रो

सोमवार को मुख्यमंत्री जन कल्याण एवं सुशासन सप्ताह दिवस के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 2 में शिविर का आयोजन किया गया जिसमें परियोजना, पशु चिकित्सालय, विद्युत विभाग एवं नगर परिषद तेंदूखेड़ा के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

शिविर में 15 आवेदन प्राप्त हुई जिनमें से आयुष्मान कार्ड, हैंड पम्प सुधार, सफाई, समग्र में सुधार जैसे आवेदन प्राप्त हुए। आवेदनों का तत्काल निराकरण किया गया एवं शेष आवेदन पर कार्यवाही प्रगतिरत हैं। इस दौरान नगर परिषद अध्यक्ष सुरेश जैन, उपाध्यक्ष लक्ष्मी प्रसाद नामदेव, पार्षद सीएमओ प्रेमसिंह चैहान के अलावा वार्डवासी उपस्थित रहे।

## निशुल्क स्वास्थ्य शिविर संपन्न 700 लोगों ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण

सिरोंज, दोपहर मेट्रो






अंपायर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल भोपाल द्वारा स्थानीय नगर पालिका शादी हाल में आयोजित किए गए निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में आज नगर के बीमार व परेशान लोगों को अस्पताल के विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा देखा गया व मुफ्त दवाएं वितरित की।

वही डॉ ज्योति उबाला तिवारी डॉ मदीहा डॉ नासिर डॉ साजिया खान डॉ सदफ डॉ वसीम खान डॉ सलमान खान ने मरीजों का उपचार किया । उक्त आशय की जानकारी देते हुए आयोजक राजा सैफी ने बताया की हमारा उद्देश्य गरीब मजबूर को उच्च स्तर का इलाज पहुंचाना है। शिविर में आज करीब 700 लोगों को परीक्षण किया गया व दवाई दी। इस अवसर पर पत्रकार महासंघ के अध्यक्ष रोहिताश्व शर्मा ने वह मीडिया संघ के अध्यक्ष सलमान अमीन ने विशेषज्ञ डॉक्टरों का स्वागत किया । व आयोजन में मुशताक गौरी, आदिल खान महफूज खान वसीम, अरुण विश्वकर्मा, कैलाश मेवाड़ा आदि लोग उपस्थित रहे।

## बैंक के स्थापना दिवस परबच्चों को पाठ्य सामग्री वितरित की

नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो

देश का पहला स्वदेशी बैंक सेंट्रल बैंक आफ इंडिया के क्षेत्रीय कार्यालय ने अपना 114 वां स्थापना हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस मौके पर आईटीआई प्राथमिक शाला के बच्चों को पाठ्य सामग्री वितरित कर शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित किया गया। क्षेत्रीय प्रमुख रजत मिश्रा ने कहा कि हर बच्चा पढ़ेगा और लिखेगा तो देश आगे बढ़ेगा। बैंक के कर्मचारियों ने जरूरतमंद बच्चों के बीच कॉपी, किताब, पेन, पेंसिल, रबर, कटर आदि कई शिक्षण सामग्री का वितरण किया।

समारोह में बैंकिंग उपलब्धियों और योजनाओं पर भी प्रकाश डाला

**उत्कृष्ट कार्य करने वाले बैंककर्मी सम्मानित**

गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में यातायात डीएसपी संतोष मिश्रा तथा क्षेत्रीय प्रमुख रजत मिश्रा मौजूद रहे। इस अवसर पर ग्राहकों व उत्कृष्ट कार्य करने वाले बैंक कर्मियों क सम्मान किया गया। वहीं कर्मचारियों ने उत्साह के साथ संगीत, नृत्य और नाटक की प्रस्तुति दी। इस मौके पर रजत मिश्रा ने कहा कि सेंट्रल बैंक आफ इंडिया पहला स्वेदेशी बैंक है। इसी बैंक ने सबसे पहले बचत खाता, आवर्ती खाता व विशेष क्रेडिट कार्ड व



लाकर की शुरूआत की थी। इसकी स्थापना सर सोराबजी पोचखानवाला ने सन 1911 में मुंबई में पांच कमरों से की थी। आज बैंक की देशभर के सभी राज्यों में 4500 से अधिक शाखाएं हैं। 6.50 लाख करोड़ का व्यवसाय करते हुए 1500 करोड़ के मुनाफे में बैंक संचालित हो रहा है। प्रदेश के साथ जिले में लीड बैंक के रूप में बैंक भूमिका में है। उन्होने बैंक के उत्पादों खासकर इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग पर प्रकाश डालते हुए ग्राहकों के प्रति आभार ज्ञापित किया। साथ ही ग्राहकों से वायदे किए कि संस्थापक द्वारा दिखाए गये रास्ते पर बदलते बैंकिंग परिदृश्य में नवोन्मेष और उत्तरदायी बैंकिंग के पथ पर अग्रसर रहेगें। आयोजन में ग्राहकों के लिए नई योजनाओं और सेवाओं की शुरुआत की गई, जिसमें स्थायी कर्मचारियों के लिए सेंट सैलरी एलीवेट, एम्पावर, एस्टीम नामक नया बचत वेतन खाता शुरू कर रहा है जो कि केंद्र या राज्य सरकार, अर्धसरकारी, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम तथा निगम, एमएनसी, कॉरपोरेट अथवा 50 से अधिक कर्मचारी वाले शैक्षणिक संस्थान को बैंक द्वारा व्यक्तिगत दुर्घटना मृत्यु बीमा कवर के साथ वेतन खाते के लिए क्षेत्रीय कार्यालय की मांग के अनुसार, बैंक ने वेतन वर्ग खंड को लक्षित करने के लिए वेतन खाताधारकों के लिए निःशुल्क व्यक्तिगत दुर्घटना मृत्यु बीमा कवर 10 लाख, 50 लाख, 1 करोड़ के साथ एक विशेष समर्पित वेतन खाता उत्पाद शुरू किया है।

**मेट्रो एंकर** मुस्लिम राष्ट्रीय मंच का स्थापना दिवस मनाया

# अब्दुल वाजिद कुरैशी को नगर संयोजक तो इरफान कुरैशी तहसील संयोजक बने

तेन्दूखेड़ा, दोपहर मेट्रो

मुस्लिम राष्ट्रीय मंच की अहम बैठक वाजिद कुरैशी के निज निवास पर मंच के नगर कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक का आयोजन मंच के 23 वें स्थापना दिवस ( 24 दिसंबर ) के उपलक्ष्य में किया गया था। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला वक्फ बोर्ड जिलाध्यक्ष अय्यूब कुरैशी ने की। बैठक में सिरोंज क्षेत्र के संयोजक, प्रकोष्ठों के संयोजक, सह संयोजक और वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में मुस्लिम राष्ट्रीय मंच गौ सेवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय सह संयोजक सैयद शफाकत हुसैन कादरी का मार्ग दर्शन मिला । कादरी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत के मंदिर-मस्जिद विवाद पर दिए गए बयान की जमकर सराहना की गई। उन्होने कहा कि भारत को मंदिर-मस्जिद विवादों में उलझने के बजाय विकास और समरसता पर ध्यान देना चाहिए। भागवत के बयान, जिसमें उन्होंने मंदिरों के नीचे मस्जिद खोजने की गतिविधियों को अनावश्यक बताया था, की प्रशंसा करते हुए उन्होने ने कहा कि यह विचार देश के 142 करोड़ लोगों के बीच भाईचारा और एकजुटता को बढ़ावा देता है। इस अवसर पर कादरी ने अपील की कि सभी लोग इन मुद्दों का राजनीतिक





लाभ उठाने से बचें और समाज में शांति बनाए रखने में सहयोग करें। कार्यक्रम के विशेष अतिथि वरिष्ठ नेता मुनीर गौरी ने मुसलमानों को संबोधित करते हुए मोहन भागवत के विचारों पर खुलकर विचार करने की अपील की।उन्होने कहा कि उनके विचार किसी समुदाय के खिलाफ नहीं, बल्कि समाज को एकजुट करने और भारत को मजबूत बनाने के लिए हैं। बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों पर भी सभी वक्ताऔ ने गहरी चिंता व्यक्त की। सभी ने बांग्लादेश सरकार से अपील की कि वह हिंदू, बौद्ध और अन्य अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करे। हाफिज राजा खांन ने वक्फ संपत्तियों की लूट और गबन रोकने की आवश्यकता पर जोर दिया और सुझाव दिया कि इन संपत्तियों का सही प्रबंधन सुनिश्चित कर विधवाओं,यतीमों और जरूरतमंदों की सहायता की जाए। बैठक में मंच ने कहा कि भारत की एकता और समरसता को त्योहारों की तरह मनाया जाना चाहिए। अल्पसंख्यकों से अपील की गई कि वे सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाकर राष्ट्र निर्माण में सहयोग करें। मंच ने कहा कि सबका साथ, सबका विकास÷ की नीति अपनाकर भारतीय मुसलमान देश के विकास में भागीदार बन सकते हैं। बैठक का समापन मंच के आगामी कार्यक्रमों और योजनाओं की रूपरेखा तय करते हुए हुआ। मंच ने यह संकल्प लिया कि वह राष्ट्रीय और सामाजिक मुद्दों पर जागरूकता फैलाने के लिए पूरे देश में सक्रिय रहेगा और भारतीय मुसलमानों को राष्ट्र निर्माण में सहभागी बनाने के लिए प्रयासरत रहेगा। इस अवसर पर राष्ट्रवादी मुस्लिम युवा नेता अब्दुल वाजिद कुरैशी पत्रकार को नगर संयोजक व समाजसेवी इरफान कुरैशी को तहसील संयोजक पद की बागडोर सौपी गई। उनकी नियुक्ति पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के नगर अध्यक्ष मुनीम गौरी, जिला हज कमेटी के सचिव जावेद सिद्दीकी, डॉक्टर अनस कुरैशी, डॉ अरशद कुरैशी, हाफिज राजा गौरी, अब्दुल कबी खान, सईद भाई पत्रकार, अब्दुल वाहिद गौरी, नवाब मंसूरी, सादिक अंसारी, पप्पू भाई पेंटर, फरमान अंसारी, आशु खान, अजीम उल्ला, सोहेल खान, कामरान कुरैशी ठेकेदार, रोमान कुरैशी, इफराज कुरैशी, शाहजेब कुरैशी, शोएब कुरैशी, आदि लोग मौजूद रहे।

# आधा सीजन खत्म: लिवरपूल का दबदबा, रेकॉर्ड 21वीं बार टॉप पर

**लंदन. एजेंसी**

लिवरपूल ने क्रिसमस से एक दिन पहले अपने प्रशंसकों को जीत का शानदार तोहफा दिया और इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) में टॉटनहैम को 6-3 से करारी शिकस्त दी। यह इस सीजन लिवरपूल की टॉटनहैम पर लगातार दूसरी जीत है। इस मैच में लिवरपूल के लिए स्टार खिलाड़ी मोहम्मद सालाह और लुइस डियाज ने सर्वाधिक 2-2 गोल ठोके। वहीं, एलेक्सिस एलिस्टर और डोमिनिक ने एक-एक गोल ठोक टीम को जीत दिलाई। इसके साथ ही लिवरपूल ने तालिका में शीर्ष पर रहकर अपनी पकड़ी और मजबूत कर ली है। खास बात यह है कि लिवरपूल की टीम ने रेकॉर्ड 21वीं बार सीजन का आधा सत्र टॉप पर रहकर खत्म किया है। इसमें से 11 बार वह खिताब जीतने में सफल रही है। इस तरह उसका खिताब जीतने का प्रतिशत करीब 55 फीसदी है। टीम खिताब जीतने की दावेदार है।

### अब बॉक्सिंग डे से शुरू होंगे मैच

क्रिसमस के साथ ही ईपीएल का आधा सीजन भी खत्म हो गया है। अब बॉक्सिंग डे (26 दिसंबर) से फिर मुकाबले शुरू होंगे। सीजन के पहले हाफ में लिवरपूल का दबदबा रहा और उसने 16 मैचों में अभी तक सिर्फ एक गंवाया। टीम के 12 जीत और तीन ड्रॉ के साथ कुल 39 अंक हैं। दूसरे स्थान पर 17 मैचों में 35 अंकों के साथ चेल्सी है। वहीं, टॉटनहैम की टीम 17 मैचों में 23 अंकों के साथ 11वें नंबर पर है। टीम ने सात जीते, दो ड्रॉ खेले और आठ हारे।

### सालाह लिवरपूल के चौथे ऑलटाइम टॉप स्कोरर बने...

लिवरपूल के स्टार खिलाड़ी मोहम्मद सालाह ने शानदार प्रदर्शन कायम रखते हुए दो गोल दागे। उन्होंने मैच के 54वें और 61वें मिनट में गोल किया। इसके साथ ही वह लिवरपूल के लिए सर्वाधिक गोल करने वाले चौथे खिलाड़ी बन गए हैं।

## इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल: टॉटनहैम को 6-3 से शिकस्त देकर तालिका में अपना दबदबा कायम

### रियाल मैड्रिड 16 मैचों से अजेय, सेविला को हराया

मैड्रिड श्च पत्रिका. रियाल मैड्रिड ने ला लीगा मैच में सेविला के खिलाफ 4-2 से जीत दर्ज की। रियाल मैड्रिड की सेविला पर पिछले 16 मैचों में यह 15वीं जीत है जबकि एक ड्रॉ रहा है। रियाल के लिए किलियन एम्बाप्पे, फेडेरिको, रोड्रियागो और ब्राहिम डियाज ने एक-एक गोल किया। टीम 18 में से 12 मैच जीत दूसरे स्थान पर है।

### 67 साल बाद एक मैच में सर्वाधिक गोल

लिवरपूल और टॉटनहैम के बीच खेले गए इस मैच में कुल नौ गोल दागे गए। ईपीए के लीग मुकाबलों में 1963 के बाद पहली बार दोनों टीमों के बीच खेले गए मैच में सर्वाधिक गोल हुए हैं। इससे पहले, दोनों टीमों के बीच अप्रैल 1963 में खेले गए मैच में भी नौ गोल हुए थे। यह मैच लिवरपूल ने 7-2 से जीता था।



# बॉर्डर-गावस्कर सीरीज: भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 26 से टेस्ट मैच

**मेलबर्न. एजेंसी**

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच यहां खेली जा रही बॉर्डर-गावस्कर टेस्ट सीरीज अभी तक काफी रोमांचक रही है। अभी तक तीन टेस्ट मैच खेले गए हैं, जिसमें दोनों टीमों ने 1-1 जीता है और एक टेस्ट मुकाबला ड्रॉ रहा है। सीरीज का चौथा टेस्ट मुकाबला मेलबर्न में 26 दिसंबर से खेला जाएगा। भारत और ऑस्ट्रेलिया की टीम ना सिर्फ सीरीज जीतने बल्कि आइसीसी टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बनाने के लिए भी संघर्ष कर रही हैं। इस सीरीज में जीतने वाली टीम को फाइनल का टिकट मिलना पक्का हो जाएगा। अच्छी बात यह है कि मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पिछले एक दशक में भारतीय टीम के लिए काफी लकी रहा है। टीम इंडिया पिछले 13 साल से इस मैदान पर अजेय है। भारतीय टीम 2011 में आखिरी बार यहां टेस्ट हारी थी। उसके बाद से टीम इंडिया ने यहां तीन टेस्ट मैच खेले हैं और दो जीते जबकि एक ड्रॉ रहा है।

**पिछले एक दशक में दबदबा बनाया:** भारत ने मेलबर्न में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ कुल 14 टेस्ट खेले हैं। इसमें टीम इंडिया ने 04 जीते, आठ हारे व दो ड्रॉ रहे। भारतीय टीम ने 1948 में इस मैदान पर पहला टेस्ट मैच खेला था।



### जीत की हैट्रिक लगाने का शानदार मौका

भारतीय टीम ने यहां पिछले दो टेस्ट मुकाबले जीते हैं और ये दोनों मैच बॉक्सिंग डे (26 दिसंबर) को खेले गए थे। अब टीम इंडिया के पास जीत की हैट्रिक लगाने का शानदार मौका है। भारतीय टीम ने 2020 में कंगारू टीम को आठ विकेट से जबकि 2018 में 137 रन से करारी शिकस्त दी थी।

### कप्तान रोहित ने किया बेसबॉल बैट से अभ्यास

भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा पिछले काफी समय से खराब फॉर्म से गुजर रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले गए पिछले दो टेस्ट में भी वह फ्लॉप रहे। फॉर्म में लौटने के लिए रोहित ने रविवार को यहां ट्रेनिंग सत्र के दौरान बेसबॉल बैट के साथ अभ्यास किया। उनका यह वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है।

### बॉक्सिंग डे पर ऑस्ट्रेलिया में 05 भारतीय बल्लेबाजों ने लगाया शतक

ऑस्ट्रेलिया में खेले गए बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच के रेकॉर्ड पर नजर डालें तो सिर्फ पांच भारतीय बल्लेबाज ही शतक लगा पाए हैं। आखिरी बार यहां चार साल पहले अंजिक्य रहाणे ने कंगारू टीम के खिलाफ शतक लगाया था। खास यह है कि अजिंक्य रहाणे बॉक्सिंग डे पर शतक दो शतक लगाने वाले पहले बल्लेबाज हैं।

### टी-20 और चैंपियंस ट्रॉफी के लिए इंग्लैंड की टीम घोषित

# 22 जनवरी से 2 फरवरी तक पांच टी-20 मैचों की सीरीज




**लंदन. एजेंसी**

इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने भारत दौरे पर खेले जाने वाली टी-20 व वनडे सीरीज और उसके बाद पाकिस्तान में होने वाली वनडे चैंपियंस ट्रॉफी के लिए 15-15 सदस्यीय टीम घोषित कर दी है। दोनों टीमों की कमान जोस बटलर के पास होगी। तेज गेंदबाज मार्क वुड को दोनों टीमों में जगह दी गई है। कोहनी की हड्डी में चोट के कारण वुड की काफी समय बाद मैदान पर वापसी होगी। वहीं, कोच ब्रैंडन मैकुलम का बतौर सीमित ओवरों के कोच पर यह पहली चुनौती होगी।

**भारत दौरे पर पांच टी-20, तीन वनडे:** इंग्लैंड की टीम भारत दौरे पर 22 जनवरी से 02 फरवरी तक पांच टी-20 मैचों की सीरीज खेली। वहीं, 06 फरवरी से 12 फरवरी तक तीन वनडे मैच खेले जाएंगे।

**टी-20 टीम:** जोस बटलर (कप्तान), रेहान अहमद, जोफ्रा आर्चर, गस एटकिंसन, जैकब बेथेल, हैरी ब्रूक, ब्रायडस कार्से, बेन डुकेट, जैमी ओवरटन, जेमी स्मिथ, लियाम लिविंगस्टन, आदिल राशिद, साकिब महमूद, फिल साल्ट, मार्क वुड।

**वनडे टीम:** बटलर (कप्तान), एटकिंसन, जैकब बेथेल, हैरी ब्रूक, ब्रायडस, बेन डुकेट, जैमी ओवरटन, जेमी स्मिथ, लिविंगस्टन, आदिल राशिद, जो रूट, साकिब महमूद, फिल साल्ट, मार्क वुड, जोफ्रा आर्चर।



## मेट्रो बाजार

# तैयारी: अब सिगरेट-तंबाकू का भी होगा 'आधार' जैसा नंबर



**नईदिल्ली. एजेंसी**

अब सिगरेट, पान मसाले जैसे तंबाकू से बनने वाले सभी प्रोडक्ट्स का आधार जैसा नंबर होगा। यानी हर सिगरेट और तंबाकू के पाउच की एक खास पहचान होगी। इसके लिए एक यूनीक आइडी बनाने की तैयारी है। यह यूनीक आइडी कैसी होगी, इसको लेकर केंद्र सरकार जल्द ही नोटिफिकेशन जारी करेगी। इस यूनीक आइडी का सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि सरकार हर सिगरेट और गुटखा प्रोडक्ट्स को ट्रैक कर सकेगी। जीएसटी काउंसिल ने हाल ही में टैक्स चोरी की आशंका वाली कुछ चीजों के लिए 'ट्रैक एंड ट्रेस' मैकेनिज्म लागू करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। इसके तहत ऐसी चीजों या पैकेज पर एक खास निशान लगाया जाएगा, ताकि सप्लाई चेन में उनका पता लगाया जा सके। पिछले साल अकेले सिगरेट को लेकर 180 करोड़ रुपए की टैक्स चोरी के मामले सामने आए थे। यूनिक आइडेंटिफिकेशन मार्किंग के लिए डिजिटल स्टैंप या यूनिक साइन का इस्तेमाल हो सकता है, जिसे हटाया नहीं जा सकेगा। एक बार इसकी टेक्नोलॉजी को अंतिम रूप देने के बाद आगे की प्रक्रिया पर काम किया जाएगा। कई देशों ने अपनी पूरी सप्लाई चेन में ऐसे प्रोडक्ट्स को ट्रैक और ट्रेस करने के लिए इस प्रकार की टेक्नोलॉजी अपनाई है। 'ट्रैक एंड ट्रेस' मैकेनिज्म विकसित करने के लिए लीगल फ्रेमवर्क उपलब्ध होगा। सप्लाई चेन में स्पेसिफाइड कमोडिटीज का पता लगाने के लिए इस मैकेनिज्म के इंप्लीमेंटेशन से मदद मिलेगी।

**ऑनलाइन सर्विसेज को लेकर भी प्रावधान:** जीएसटी काउंसिल ने ऑनलाइन सर्विसेज को लेकर भी एक नया प्रावधान जारी किया गया है। इसमें कहा गया है कि अनरजिस्टर्ड रेसिपिएंट्स को ऑनलाइन मनी गेमिंग, ओआइडीएआर सर्विसेज की सप्लाई के संबंध में सप्लायर को टैक्स चालान पर अनरजिस्टर्ड रेसिपिएंट्स के राज्य का नाम अनिवार्य रूप से दर्ज करना होगा।

# एआई पायलट्स की जगह नहीं ले सकता

**नईदिल्ली,एजेंसी।** संयुक्त अरब अमीरात में एक वार्षिक वैश्विक शिखर सम्मेलन में दुनियाभर के एयरलाइंस अधिकारी शामिल हुए। इस सम्मेलन में आगामी एआई परियोजनाओं को लेकर चर्चा हुई। विमानन कंपनियां लंबे समय से कम मार्जिन की समस्या से जूझ रही हैं, ऐसे में एआई के जरिए इनकी उत्पादकता में वृद्धि पर आयोजन के दौरान चर्चा की गई। एयरलाइंस में हाल फिलहाल में कृत्रिम बुद्धिमत्ता पायलट्स की जगह नहीं ले सकती, लेकिन विमानन उद्योग के विशेषज्ञों का मानना है कि नई तकनीक उनके व्यापार करने के तरीके में क्रांति ला रही है। दुबई में इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन (आईएटीए) की 80वीं बैठक से पहले एयर फ्रांस-केएलएम में डेटा साइंस और एआई के प्रमुख जूली पॉजी ने यह बात कही। वर्तमान समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस हर क्षेत्र में तेजी से अपना पैर फैला रहा है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को लेकर एयरलाइंस ने बताया कि भविष्य में यह पायलटों की जगह नहीं लेगा, लेकिन विमानन उद्योग के विशेषज्ञों का मानना है कि नई तकनीक उनके व्यापार करने के तरीके में तेजी से बदलाव ला रहे हैं। एयर फ्रांस-केएलएम में डेटा विज्ञान और एआई के प्रमुख जूली पोजी ने विमानन क्षेत्र के लिए डेटा और एआई को एक शानदार लीवर बताया। संयुक्त अरब अमीरात में एक वार्षिक वैश्विक शिखर सम्मेलन में सोमवार को एयरलाइंस अधिकारी शामिल हुए। इस सम्मेलन में आगामी एआई परियोजनाओं को लेकर चर्चा हुई। विमानन कंपनियां लंबे समय से ही कम लाख मार्जिन की आदी है, लेकिन एआई के जरिए इसके उत्पादकता में वृद्धि हो सकती है।

**मनोरंजन** | **बॉलीवुड का कोना**

# 'हीरामंडी' 2 में आजादी के बाद के कोठों की दिखेगी कहानी



संजय लीला भंसाली इन दिनों अपनी सीरीज हीरामंडी को लेकर चर्चा में चल रहे हैं। सीरीज को दर्शकों की अच्छी खासी प्रतिक्रिया मिल रही है। हालांकि, सीरीज के आने के बाद से भंसाली से इसके सीजन 2 की मांग की जा रही थी, उस समय निर्देशक ने इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी थी, लेकिन अब हाल ही में, नेटफ्लिक्स ने हीरामंडी सीजन 2 का एलान कर दर्शकों को खुश कर दिया है। सीजन 2 में आजादी के बाद की तवायफों की कहानी देखने को मिलेगी। हीरामंडी का पहला सीजन वहां खत्म होता है जहां आलमजेब पेट से होने की खबर ताजदार की दादी को सुनाती है। बिब्बोजान अंग्रेजों से मुकाबला करते मारी जा चुकी है। और, ताजदार की शादी आलमजेब से होने से रोकने के लिए उसका पिता उसे पुलिस के हवाले कर देता है। ताजदार भी अंग्रेजों की पिटाई से पुलिस हिरासत में ही दम तोड़ देता है। ये सारा घटनाक्रम लाहौर का है। सीरीज के पहले सीजन का अंत वहां होता है, जहां आजादी का संघर्ष अपने चरम पर है। कहानी अब लाहौर से निकलकर कहां जाएगी, ये देखना दिलचस्प होगा। कहा ये भी जा रहा है कि सीरीज के निर्माता-निर्देशक संजय लीला भंसाली सीजन 2 को दिल्ली और मुंबई के कोठों की तवायफों पर केंद्रित करेंगे। संजय लीला भंसाली ने हीरामंडी द डायमंड बाजार की सफलता के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा, हीरामंडी द डायमंड बाजार के लिए प्यार और सराहना से मैं धन्य हूं। शो को दुनिया भर के दर्शकों के साथ जुड़ते हुए देखना खुशी की बात है और मैं नेटफ्लिक्स से बेहतर पार्टनर की उम्मीद नहीं कर सकता था। मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि हम सीजन 2 के साथ वापस आएंगे! नेटफ्लिक्स इंडिया की उपाध्यक्ष मोनिका शेरगिल ने कहा, सीजन 1 ने प्रशंसकों को और अधिक के लिए उत्सुक कर दिया। क्या इतिहास खुद को दोहराएगा? हीरामंडी के हीरों के लिए क्या है? हीरामंडी के रूप में स्थिति स्पष्ट है। सीरीज शक्तिशाली कहानी कहने के साथ लौटने की तैयारी कर रहा है।

# बेहद फिल्मी है बॉलीवुड के 'शहंशाह' और 'गुड्डी' की प्रेम कहानी, सादगी से हुई थी शादी



बॉलीवुड में जहां रिश्तों की मियाद काफी कम मानी जाती है, अगर ऐसे में वहां दो बड़े स्टार्स की शादी 50 से अधिक साल तक टिक जाए तो इसे एक उपलब्धि के तौर पर देखा जाना चाहिए। आज हम बॉलीवुड के शहंशाह अमिताभ बच्चन और उनकी सुपर स्टार पत्नी जया भादुड़ी के बारे में बात कर रहे हैं। दोनों आज अपनी शादी की सालगिरह मना रहे हैं। चलिए आपको अमिताभ और जया की लव स्टोरी के बारे में कुछ ऐसी बातें बताते हैं जो शायद कम ही लोगों को पता होगी बॉलीवुड के पॉवर कपल अमिताभ बच्चन और जया बच्चन की लव स्टोरी की शुरुआत साल 1970 में हुई थी। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो जया ने अमिताभ बच्चन को पुणे फिल्म इंस्टीट्यूट में तब पहली बार देखा और उन्हें देखते ही उनपर दिल हार बैठी थीं। जिन दिनों जया ने पहली बार अमिताभ बच्चन को देखा था उन दिनों वे पहले से स्टार थीं और अमिताभ तब स्ट्रगल ही कर रहे थे। एक इंटरव्यू के दौरान अमिताभ बच्चन ने खुद खुलासा किया था कि जब उन्होंने एक मैगजीन की कवर पर पहली बार जया को देखा था तभी उन्हें अभिनेत्री से प्यार हो गया था। अमिताभ को जया की आंखें पसंद आई थीं। अमिताभ और जया एक-दूसरे को पसंद करने लगे थे। उन्हीं दिनों दोनों की फिल्म 'जंजीर' बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा रही थी। दोनों एक साथ छुट्टी मनाने के लिए लंदन जाना चाहते थे। यह बात अमिताभ बच्चन के पिता जी को पसंद नहीं आई।

# जान्हवी बोलीं- साउथ सिनेमा में मां श्रीदेवी के करीब से महसूस करती हैं



बॉलीवुड की खूबसूरत अदाकारा जान्हवी कपूर की फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही रिलीज हो चुकी है। इस फिल्म में अभिनेत्री राजकुमार राव के साथ नजर आ रही हैं। दर्शकों को जान्हवी की यह फिल्म काफी पसंद भी आ रही है। दोनों कलाकार फिल्म का जोरों-शोरों से प्रमोशन करने में लगे हुए हैं। अब हाल ही में, जान्हवी ने बताया है कि दक्षिण सिनेमा में आने से वह अपनी मां श्रीदेवी के और करीब महसूस करती हैं। आइए जानते हैं कि अभिनेत्री ने क्या कहा है। जान्हवी ने अपने हालिया इंटरव्यू में कहा कि दक्षिण फिल्म उद्योग में वह अपनी मां श्रीदेवी के करीब महसूस करती हैं। अभिनेत्री जान्हवी कपूर जूनियर एनटीआर के साथ देवरा में तेलुगु सिनेमा में अपनी शुरुआत करने के लिए तैयार हैं। अभिनेत्री अपनी 16वीं फिल्म में राम चरण के साथ एक और तेलुगु फिल्म में अभिनय करेंगी। जान्हवी ने कहा, किसी तरह यह मुझे अपनी मां के करीब महसूस कराता है, उस माहौल में रहना, साथ ही उस भाषा को सुनना और बोलना। मुझे लगा कि यह सही समय है, मुझे लगा कि मैं इसकी ओर आकर्षित हो रही हूं। एनटीआर सर और राम चरण सर के परिवारों के साथ मॉम के अच्छे संबंध रहे हैं। यह मेरे लिए सम्मान की बात है कि मैं इन दोनों बेहद प्रतिभाशाली अभिनेताओं के साथ काम करने में सक्षम हूं। मालूम हो कि अभिनेत्री श्रीदेवी की साल 2018 में दुबई में 54 वर्ष की आयु में मृत्यु हो गई थी। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत एमए थिरुमुगम की तमिल फिल्म थुनैवन (1969) से एक बाल कलाकार के रूप में की थी। अब उनकी बेटी अपने साउथ डेब्यू के लिए काफी उत्साहित हैं और दक्षिण उद्योग में भी अपने अभिनय की छाप छोड़ने के लिए तैयार हैं।

### परिजन बोले मिर्गी का दौरा आने से था परेशान

# वीआईपी रोड पर मोपेड खड़ी कर तालाब में लगाई छलांग

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**तलैया थाना क्षेत्र स्थित वीआईपी रोड पर राजा भोज की प्रतिमा के पास से सोमवार सुबह एक युवक ने बड़े तालाब में छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। वह वाहन शोरूम में काम करता था और परिजन को काम पर जाने का कहकर घर से निकला था। वीआईपी रोड राजा भोज की प्रतिमा के सामने उसने मोपेड खड़ी की और तालाब में कूद गया। परिजन ने बताया कि मिर्गी का दौरा आने के कारण वह परेशान रहता था।**



पुलिस के अनुसार सोमवार सुबह करीब 11 बजे सूचना मिली कि वीआईपी रोड, राजा भोज की प्रतिमा के पास से बड़े तालाब में एक युवक ने छलांग लगा दी है। उसकी मोपेड पुल पर सड़क किनारे खड़ी है। मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से करीब 1 घंटे की मशक्कत के बाद युवक का शव पानी से बाहर निकाल लिया। मृतक के पास मिले दस्तावेज से उसकी पहचान साद खान पिता इलियास खान (19) सी-सेक्टर सुभाष कॉलोनी, अशोका गार्डन के रूप में की गई। घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के परिजन भी पहुंच गए थे। परिजन ने पुलिस को बताया कि साद खान मारुति कंपनी के शोरूम में काम करता था। मां का पहले ही निधन हो चुका है। पिता प्राइवेट काम करते हैं। एक बड़ी बहन हैं। साद का परिवार और बड़े पापा का परिवार एक साथ ही रहता है। सोमवार सुबह साद काम पर जाने का कहकर घर से निकला था।



## इंजीनियरिंग के छात्र ने फांसी लगाकर दी जान

पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित विवेकानंद नगर में इंजीनियरिंग के छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है। गुना से मृतक के परिजन भोपाल पहुंच गए है। उनकी मौजूदगी में शव का आज पीएम कराया गया। पुलिस का कहना है कि छात्र का मोबाइल जब्त किया गया है। पुलिस के अनुसार अमन पिता अजीत पांडे (20) मूलत गुना की सांडा कॉलोनी का रहने वाला था। वह अपने भाई अंकित पांडे के साथ पिपलानी स्थित विवेकानंद नगर में रह रहा था और निजी कॉलेज से इंजीनियरिंग कर रहा था। उसका भाई गत दिनों गुना गया हुआ। सोमवार शाम करीब 5 बजे अमन ने अपने कमरे में फांसी लगा ली। मकान मालिक ने उसे फांसी के फंदे पर लटका देख पुलिस को सूचना दी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण एफएसएल की टीम से कराया, लेकिन सुसाइड नोट नहीं मिला। पुलिस का कहना है कि मोबाइल जब्त किया गया है। मोबाइल की जांच की जा रही है। परिजन अभी बयान देने की स्थिति में नहीं है। उन्हें शव पीएम के बाद सौंप दिया है। वे शव लेकर गुना के लिए रवाना हो गए।

# राजधानी में कार चोर गिरोह सक्रिय, पिपलानी व ऐशबाग में कार ले भागे



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

राजधानी में दो पहिया वाहन लगातार चोरी होने के बाद अब चार पहिया वाहन भी चोरी होने लगे हैं। एक ही रात में दो वाहन चोरी होने से पुलिस को अनुमान है कि वारदात गिरोह कर रहा है। हालांकि पिपलानी पुलिस को मिले सीसीटीवी फुटेज में एक संदिग्ध अकेले ही वारदात को अंजाम देता हुआ नजर आया है। इसके अलावा ऐशबाग में भी एक कार चोरी हो गई।

### डॉक्टर की पंद्रह लाख की कार चंद मिनट में चोरी

पिपलानी पुलिस के मुताबिक सी-सेक्टर सोनागिरी निवासी डॉक्टर अखिल बंसल (44) हमीदिया अस्पताल में पदस्थ हैं। रविवार रात साढ़े 11 बजे उन्होंने अपनी हुंडई अल्कजार कार घर के सामने पार्क की थी। लेकिन सोमवार सुबह कार अपनी जगह पर नहीं मिली। डॉक्टर ने अपने घर में लगे सीसीटीवी चैक किए तो अज्ञात चोर सोमवार तड़के साढ़े 4 बजे कार का लॉक तोड़ता हुआ नजर आया।

**वाहन चोर भी हुए हाईटेक, पल भर में चुरा ले गया डॉक्टर की कार**

फुटेज में दिख रहा है कि चोर आसानी से लॉक तोड़कर कार में बैठता है और स्टार्ट कर कार लेकर फरार हो जाता है। फुटेज देखने के बाद डॉ. अखिल बंसल थाने पहुंचे और कार चोरी होने की सूचना दी। चोरी गई कार की कीमत 15 लाख रुपए है।

पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। आरोपी की खोजबीन के लिए पुलिस सीसीटीवी कैमरों के फुटेज के आधार पर रूट मैप तैयार कर रही है।

इधर ऐशबाग पुलिस ने बताया कि अभिरूचि परिसर ऐशबाग निवासी प्रांजल गांधी ने अपने घर के सामने कार खड़ी थी। रविवार सोमवार की दरमियानी अज्ञात बदमाश उनकी कार घर के सामने से चुराकर ले गया।

# तीन प्रकरणों में फरार बदमाश अज्जू शूटर गिरफ्तार, अवैध देशी पिस्टल जब्त

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

कोलार पुलिस ने तीन प्रकरणों में फरार बदमाश अज्जू शूटर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से अवैध पिस्टल जब्त की गई। पुलिस उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर पिस्टल के बारे में पूछताछ कर रही है।

पुलिस के अनुसार 9 नवंबर को गरीब नगर निवासी, हरिओम यादव ने शिकायत करते हुए बताया कि शाम करीब साढ़े 7 बजे वह अपने दोस्त के साथ गरीब नगर में टावर के पास बैठा था। इस दौरान वहां दो बाइक से डीमार्ट नहर की तरफ से अज्जू शूटर, राज यादव, गट्टू और जतिन पहुंचे। हवा में कट्टा जैसे हथियार को लहराते हुए फायर किया। आरोपियों ने राज यादव और जतिन समेत हम लोगों से गालीगलौज की और हवाई फायर करते हुए वहां से निकल गए। वहां से निकलने के बाद आरोपियों ने बांसखेड़ी में रोहित ओसवाल के घर के पास पहुंचकर गदर किया था। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी। अगले ही दिन पुलिस ने आरोपी रित्विक यादव उर्फ राज यादव (19) आम्रविहार फेस-3



कोलार रोड, हर्ष सहदेव उर्फ गुट्टू (18) आम्रविहार फेस-3 कोलार और नाबालिग को गिरफ्तार कर लिया। घटना के संबंध में पूछताछ की गई तो उन्होंने बताया कि दहशत फैलाने के उद्देश्य से अज्जू शूटर द्वारा कट्टे से हवाई फायर किया गया था। पुलिस ने घटनास्थल से चले हुए 02 कारतूस बरामद किए थे। प्रकरण में मुख्य आरोपी अज्जू शूटर घटना दिनांक से फरार था, जिसकी तलाश जारी थी । 23 दिसंबर को मुखबिर से सूचना मिली कि अज्जू शूटर बांसखेड़ी कोलार रोड शमशान घाट के पास चाय की गुमठी पर खड़ा है। सूचना मिलते ही हरकत में आई?पुलिस ने इलाके की घेराबंदी करते आरोपी को दबोच लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से देशी पिस्टल मिली।

# मारपीट कर युवक की बाइक व मोबाइल लूटने वाले तीन बदमाश गिरफ्तार

**नजीराबाद के ग्राम बीलखो पुल के पास हुई थी वारदात**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

नजीराबाद पुलिस ने ग्राम बीलखो के पुल के पास युवक से मारपीट कर उसकी मोटरसाइकिल व मोबाइल लूटने वाले तीन बदमाशों को गिर तार कर लिया है। आरोपियों के कब्जे से लूटा वाहन व मोबाइल बरामद कर लिया है। तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

पुलिस के मुताबिक विगत 15 दिसंबर को ग्राम बीलखो के पुल के पास लल्लू उर्फ लाल सिंह अहिरवार ने अपने तीन साथियों के साथ मिलकर बीलखो में रहने वाले घनश्याम अहिरवार के साथ मारपीट कर उसकी पल्सर मोटरसाइकिल व मोबाइल लूट लिया था। मोबाइल के कवर में 1930 रुपए भी रखे थे। फरियादी घनश्याम ने 21 दिसंबर को घटना की रिपोर्ट नजीरबाद थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने लूट का प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की खोजबीन शुरू की। विवेचना के दौरान मोबाइल फोन की लोकेशन व मुखबिर की सूचना के आधार पर अलग-अलग ठिकानों पर दबिश दी



और तीनों आरोपियों को गिर तार कर लिया। आरोपियों के नाम लल्लू उर्फ लाल सिंह अहिरवार (22) निवासी बीलखो, राममिलन अहिरवार (23) निवासी ग्राम बरखेड़ा बरामद थाना बैरसिया व भुजबल मोगिया (24) निवासी भटखेड़ी थाना करारिया जिला विदिशा बताए गए हैं। पुलिस ने पूछताछ करने के आरोपियों के कब्जे से लूटी मोटरसाइकिल व मोबाइल के अलावा वारदात में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल भी बरामद की है। कोर्ट में पेश करने के बाद तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

### पत्नी की हत्या करने वाले को भेजा जेल

परवलिया सड़क थाना क्षेत्र स्थित तारा सेवनिया गांव में सोमवार सुबह पति ने एक साल के बेटे के सामने पत्नी की हत्या कर दी। आरोपी ने मोबाइल की चार्जर केबल से पत्नी का गला घोंटा दिया और खुद ही थाने पहुंच गया। थाने पहुंचकर उसने पुलिस को बताया कि मैंने अपनी पत्नी को मार डाला है। उसकी लाश घर में पड़ी है। प्राथमिक जांच में हत्या की वजह पत्नी पर चरित्र संदेह की बात सामने आई है। पुलिस आरोपी के घर पहुंची और वहां से शव पीएम के लिए मचूरी भेज दिया। पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है। थाना प्रभारी रोहित नागर ने बताया कि तारा सेवनिया, परवलिया सड़क निवासी राजेश अहिरवार प्राइवेट काम करता है। वर्ष 2020 में उसकी शादी ग्राम झरखेड़ा थाना दोराहा निवासी 22 साल की मधु अहिरवार से हुई थी। राजेश और मधु का एक साल का एक बेटा है।

# जीएमसी में महिला डॉक्टर से दुर्व्यवहार पर भड़के जूडा सुरक्षा बढ़ाने की मांग



**भोपाल।** गांधी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) में इमरजेंसी डिपार्टमेंट में नाइट ड्यूटी कर रहीं एक महिला डॉक्टर के साथ एक मरीज और उसके परिजनों द्वारा भद्रता का मामला सामने आया है। मरीज ने महिला डॉक्टर के बाल खींचे और उनके साथ दुर्व्यवहार किया। इस घटना के बाद जूडा (जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन) ने अस्पताल प्रशासन से डॉक्टरों की सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है। जूडा के अध्यक्ष डॉ. कुलदीप गुप्ता ने कहा- अब अस्पताल में डॉक्टरों की सुरक्षा में किसी भी तरह की चूक बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने प्रशासन से अपील की है कि मरीज के साथ केवल एक परिजन को ही अंदर आने की अनुमति दी जाए और महिला डॉक्टर के पास मरीज भेजने से पहले एक स्टाफ सदस्य को साथ भेजा जाए।

इस मामले में अस्पताल के डीन को पत्र भी लिखा गया है, और इसमें कहा है कि अस्पताल के नियमों का सही तरीके से पालन किया जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों।जानकारी के अनुसार, महिला डॉक्टर जब मरीजों के न होने पर टेबल पर सिर रखकर आराम कर रही थी, तभी एक बाइपोलर डिसऑर्डर से ग्रस्त महिला मरीज आई और उसने डॉक्टर के बाल खींचने शुरू कर दिए। महिला डॉक्टर ने खुद को बचाते हुए दूर जाकर खड़ी हो गई, लेकिन मरीज के परिजन आकर डॉक्टर पर ही भड़क गए।

**मेट्रो एंकर** राहगीरों ने कैमरे में कैद किया

# झाड़ियों में फिर दिखाई दिया तेंदुआ, दहशत का माहौल

**तेन्दूखेड़ा, दोपहर मेट्रो**

इन दिनों तेंदूखेड़ा, तेजगढ़, तारदेही, झालौन रेंजों में दिन प्रतिदिन जंगली जानवरो की सख्या बढ़ती जा रहीं है, इसलिए इस क्षेत्र को वीरागना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व में जोड़ा गया है। लेकिन अब इन रेंजो में उन जानवरो ने दस्तक देनी शुरू कर दी है, जो जंगलो की शान कहलाते है। उनमें एक तेंदुआ भी है जिसको बीती रात करीब 7 बजे सैलबाड़ा मार्ग पर देखा गया। राहगीरों ने अपने कैमरे में भी कैद किया है। बताया गया है कि यह तेंदुआ काफी समय से इस क्षेत्र में देखा जा रहा है। पाटन के खेरी गांव से कार से मैहर जा रहे अंकित रजक और अन्य साथियों ने इस तेंदूए को सड़क किनारे झाड़ियों के



बीच दिखा जहां लाइट की रोशनी पड़ने पर तेंदूआ घने जंगल की और चला गया। इसकी जानकारी तेन्दूखेड़ा वन परिक्षेत्र अधिकारी को दी गई।

अब सैलबाड़ा और दोनी अलोनी के जंगल से क्षेत्रों में वन विभाग ने मुनादी कराई है कि यहां पर तेंदुए के दिखाई देने की खबर आई है इसलिए जंगलों के आसपास कोई भी ग्रामीण न जाए ना ही अपने मवेशियों को लेकर जाएं इसके साथ साथ रात में इस रास्ते से अकेले न निकलने की भी समझाइश दी गई है। दरअसल तेन्दूखेड़ा वन परिक्षेत्र का जंगल और सिग्रामपुर का जंगल और पाटन क्षेत्र का जंगल लगा हुआ है और चारों ओर तेन्दूखेड़ा क्षेत्र का जंगल कभी घना है और इन क्षेत्रों में 12 महीने पानी के जलस्त्रोत भरे रहते हैं। एक महीने पहले ही सैलबाड़ा ग्राम के पास हाईस्कूल के पास एक युवक के सामने अचानक तेंदूआ आ गया था। फिर उसी स्थान के पास छोटे रैकवार को तेंदुआ दिखाई दिया था जिसके पदचिन्ह भी वन अमले की टीम को मिले थे।

### सिग्रामपुर के जंगलों में है दर्जनों तेंदुए

दमोह जिले के सिग्रामपुर के जंगलों में बड़ी संख्या में जंगली जानवर मौजूद हैं साथ ही तेंदुए भी दर्जनों में होने की बात कही जाती है। हाल में जिस स्थान पर यह तेंदुआ दिखाई दिया है वह वन क्षेत्र सिग्रामपुर का लगता है और तेन्दूखेड़ा का जंगल भी सटा हुआ है इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि तेंदुआ सिग्रामपुर के जंगलों से आकर तेन्दूखेड़ा क्षेत्र के जंगलों में अपना बसेरा बनाकर रहने लगा है। वन परिक्षेत्र अधिकारी का कहना है कि टीम को भेजकर दिखवाया जाएगा।

## ड्रोन ट्रेंनिंग के साथ छात्रों को स्टायपेंड भी देगी सरकार

**भोपाल।** मप्र सरकार ने कृषि, कानून व्यवस्था, ट्रैफिक, माइनिंग जैसे क्षेत्रों में ड्रोन तकनीक का उपयोग बढ़ाकर रोजगार के अवसर सृजित करने की योजना बनाई है। ड्रोन पॉलिसी का ड्राफ्ट तैयार है, जिसमें छात्रों, स्टार्टअप्स और मैन्युफैक्चरिंग फर्मों को खास लाभ मिलेगा। छात्रों को ड्रोन ट्रेनिंग के दौरान 8 से दस हजार तक स्टाइपेंड मिलेगा। मैन्युफैक्चरिंग यूनिट लगाने वालों को 40त्न तक इंसेंटिव दिया जाएगा। वहीं, स्टार्टअप्स को छोटे-मध्यम स्तर के प्रोजेक्ट्स सौंपे जाएंगे। एमपी स्टेट इलेक्ट्रॉनिक डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन ने मप्र सहित कई राज्यों के ड्रोन एक्सपर्ट्स को बुलाकर ड्रोन पॉलिसी ड्राफ्ट पर सुझाव भी लिए हैं। ड्रोन पॉलिसी में युवाओं को ड्रोन चलाने और बनाने की ट्रेनिंग दी जाएगी।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया**
**संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 (*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022